●वर्ष : 16 ●अंक : 114 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 12 अगस्त 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED

Distributorship ke liye contact Karen . (9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

कोचीन हवाईअड्डे पर बैग में बम होने संबंधी टिप्पणी करने पर यात्री गिरफ्तार

नूना न्यूज एजेंसी

केरल। के कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान बम संबंधी टिप्पणी करने के आरोप में मुंबई जाने वाले एक यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड (सीआईएएल) ने रविवार को कहा कि मनोज कुमार (42) ने सामान की जांच करने वाले काउंटर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारी से डरा देने वाली टिप्पणी की थी। मनोज कुमार रविवार सुबह एयर इंडिया की फ्लाइट से कोचीन से मुंबई जाने वाला था। सीआईएएल ने एक बयान में कहा, विमान में चढ़ने से पहले सुरक्षा जांच के दौरान कुमार ने सीआईएसएफ अधिकारी से पूछा, क्या मेरे बैग में कोई बम है? यात्री की इस बात से वहां लोगों में तुरंत चिंता व्याप्त हो गई जिसके बाद हवाईअड्डा सुरक्षा दल ने त्वरित कार्रवाई की। हवाईअड्डा प्राधिकरण ने कहा कि बम खोज एवं निरोधक दस्ते ने यात्री केबिन और सामान की पुनः जांच की। सीआईएएल ने कहा कि बीडीडीएस द्वारा जांच पूरी करने के बाद वहां कोई भी गड़बड़ी या खतरा नहीं पाया गया, जिसके बाद कुमार को मामले में आगे के जांच के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया। स्थिति का आकलन करने के लिए गठित बम खतरा आकलन समिति (बीटीएसी) ने कहा कि बम की सूचना विश्वसनीय नहीं थी, लेकिन फिर भी हमने सुरक्षा के लिए स्थिति की जांच की। सीआईएएल ने बताया कि बीटीएसी ने अपनी कार्रवाई पूरी कर ली, जिससे विमान समय पर रवाना हो गया।

पीएम मोदी की किसानों को बड़ी सौगात

अधिक उपज वाली फसलों की 109 किस्में जारी

›› नई फसल के किस्मों को लेकर हुई चर्चा

नई फसल किस्मों के महत्व पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने कृषि में वेल्यू एडिशन के महत्व पर जोर दिया। किसानों ने कहा कि ये नई किस्में बेहद फायदेमंद होंगी क्योंकि इनसे उनका खर्च कम होगा और पर्यावरण पर भी इसका पॉजिटिव प्रभाव देखने को मिलेगा।

›› पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे लोग

प्रधानमंत्री ने बाजरे के महत्व पर भी चर्चा की और बताया कि कैसे लोग पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों की बढ़ती मांगों के बारे में भी बात की। पीएम मोदी ने कहा कि लोगों ने जैविक खाद्य पदार्थों की ओर मांग बढ़ती जा रही है। किसानों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

नूना न्यूज एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की 109 उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त किस्में जारी की। इस दौरान पीएम मोदी ने किसानों और वैज्ञानिकों से भी बातचीत की।

›› खेत की फसलों में शामिल है-

बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए गए। बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागान फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की गईं।

नटवर सिंह के निधन पर अखिलेश यादव ने व्यक्त किया दुख

नूना न्यूज एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन पर दुख व्यक्त किया। लंबे समय से बीमार नटवर सिंह का शनिवार देर रात निधन हो गया था। वह 93 वर्ष के थे। सपा प्रमुख ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूर्व विदेश मंत्री, पद्म भूषण से सम्मानित कुंवर नटवर सिंह जी के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे नटवर सिंह ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां वह पिछले कुछ हफ्तों से भर्ती थे। राजस्थान के भरतपुर जिले में जन्मे नटवर सिंह 2004-05 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में विदेश मंत्री थे। उन्होंने पाकिस्तान में भारत के राजदूत के रूप में भी सेवाएं दी थीं और 1966 से 1971 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यालय से जुड़े हुए थे।

ज्वलंत मुद्दा

सम्पादकीय

गांवों से पलायन एवं बढ़ते शहरीकरण के खतरे

भारत में बढ़ता शहरीकरण भले ही विकास का आधार हो, लेकिन इसने अनेक समस्याओं को भी जन्म दिया है। बढ़ता शहरीकरण केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिये एक बड़ी चुनौती बन रहा है। वर्तमान में दुनिया की कुल आबादी में से 56 फीसदी आबादी शहरों में रहने लगी है। गांवों से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। यह प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक शहरी आबादी अपने वर्तमान आकार से दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने एवं नया भारत-विकसित भारत बनाने के लिये शहरीकरण पर बल दिया जा रहा है। एक विडम्बनापूर्ण सोच देश के विकास के साथ जुड़ गयी है कि जैसे-जैसे देश विकसित होता जायेगा वैसे-वैसे गांव की संरचना टूटती जायेगी। निश्चित ही जब भी शहरों में कोई नई कॉलोनी विकसित होती है तो हमें यह स्वीकारना ही होगा कि किसी न किसी गांव की कुर्बानी हुई है। एक और विडम्बना एवं त्रासदी है कि जिन्हें शहर कहा जा रहा है वहां अपने संसाधन से वंचित लोगों की बेतरतीब, बेचैन और विस्थापित भीड़ ही होगी। कुछ समय पूर्व स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें यह बात उभर कर सामने आई कि शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। यह सही भी है क्योंकि किसी भी आधुनिक और विकासशील अर्थव्यवस्था में शहरों को विकास का सबसे बड़ा वाहक माना जाता है। भारत में नवीन भारत की पहल के विचार को आगे बढ़ाने की कड़ी में शहरी बुनियादी ढाँचों में सुधार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाये जाने की अपेक्षा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरी विकास की इस प्रक्रिया ने गाँवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास, महानगरों का असुरक्षित परिवेश, पर्यावरण की समस्या, बढ़ता प्रदूषण, जल का अभाव एवं शहरी संस्कृति में बढ़ते जा रहे संबंधमूलक तनाव हमें यह सोचने पर विवश करते हैं कि शहरी विकास की अवधारणा पर एक बार फिर से विचार किया जाना चाहिये। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण उत्पन्न करने में गाँवों की तुलना में शहरों की भूमिका अधिक है, तो क्या यह कहा जा सकता है कि विकास और प्रदूषण का एक-दूसरे के साथ सकारात्मक संबंध है?

SYED ZAKI HAIDER

(EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

भरतपुर में बाणगंगा नदी में डुबने से सात युवकों की मौत

नहाते समय हुआ हादसा

नूना न्यूज एजेंसी

जयपुर। राजस्थान के भरतपुर जिले में रविवार को बाणगंगा नदी में नहाते समय सात युवकों की डूबने से मौत हो गई। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार घटना बयाना सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत श्रीनगर गांव के समीप की है। पुलिस ने एजेंसी को बताया कि श्रीनगर गांव के आठ युवक गांव के पास से बह रही बाणगंगा नदी में नहाने गए थे, तभी नदी में एक गहरे गड्ढे में सात युवक फंस गये और डूब गए। उनमें से एक युवक सुरक्षित बच निकला और उसने गांव में जाकर घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी।

››आपस में रिश्तेदार हैं सभी युवक

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी सात शवों को बाहर निकाला। थानाधिकारी बलराम यादव ने एजेंसी को बताया कि मृतक युवकों की पहचान पवन सिंह जाटव (20), सौरभ जाटव (18), भूपेंद्र जाटव (18), शांतनु जाटव (18), लक्खी जाटव (20), पवन जाटव (22) और गौरव जाटव (16) के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि सभी मृतक युवक आपस में रिश्तेदार हैं और एक ही गांव के रहने वाले हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

भारत में घुसपैठ कर रहे थे 11 बांग्लादेशी नागरिक

›› बीएसएफ ने किया गिरफ्तार

नूना न्यूज एजेंसी

नई दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने भारत में घुसपैठ की कोशिश करते 11 बांग्लादेशी नागरिकों को सीमा से गिरफ्तार किया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने बीएसएफ के हवाले से बताया कि पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मेघालय में अंतरराष्ट्रीय सीमा के माध्यम से भारत में घुसपैठ करने की कोशिश करते हुए इन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। पीटीआई के मुताबिक बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें राज्य पुलिस को सौंपने की तैयारी की जा रही है। प्रवक्ता ने कहा कि आपसी मुद्दों को सुलझाने के लिए बीएसएफ अपने समकक्ष बीजीबी के साथ नियमित संपर्क में है, खासकर बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों और अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों पर अत्याचार की रोकथाम के लिए।

›› बीएसएफ ने की सुरक्षा समीक्षा बैठक

बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने एक बयान में कहा कि इसके पूर्वी कमान प्रमुख, अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) रवि गांधी ने बांग्लादेश में मौजूदा अशांति और आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर के बीच 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा की समीक्षा के लिए, शनिवार को एक परिचालन सम्मेलन की अध्यक्षता की। बयान में बताया गया कि 11 बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में घुसपैठ करते समय सीमा पर पकड़ा गया है। इनमें से दो को पश्चिम बंगाल, दो को त्रिपुरा सीमा और सात को मेघालय सीमा से पकड़ा गया। पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें राज्य पुलिस को सौंप दिया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि बीएसएफ के एडीजी (पूर्वी कमान) रवि गांधी ने शनिवार को इस सीमा पर सुरक्षा की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बम ब्लास्ट, पूर्व विधायक की पत्नी की मौत

नूना न्यूज एजेंसी

इंफाल। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में एक बम विस्फोट में एक पूर्व विधायक की पत्नी की मौत हो गई। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बम विस्फोट शनिवार शाम सैकुल के पूर्व विधायक यमथोंग हाओकिप के घर के निकट स्थित एक घर में किया गया। उनकी पत्नी का नाम सपम चारुबाला बताया जा रहा है। बता दें कि सपम चारुबाला पूर्व विधायक की दूसरी पत्नी थी। अधिकारियों ने इस घटना की जानकारी देते हुए आगे बताया कि हादसे में सपम चारुबाला विस्फोट में घायल हो गई और उन्हें सैकुल में एक स्वास्थ्य सुविधा में ले जाया गया, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। जब विस्फोट हुआ तो हाओकिप भी अपने घर में थे लेकिन इस घटना में उन्हें कोई चोट नहीं आई।

›› 2017 में जीती थी सैकुल सीट

जानकारी के लिए बता दें कि 59 साल की चारुबाला हाओकिप मैतेई समुदाय से थीं। कुकी-जोमी-प्रभुत्व वाले कांगपोकपी जिले के एकी मुलम में रहती थीं। वहीं उनके पति 64 वर्षीय यमथोंग हाओकिप ने पहले 2012 फिर 2017 में दो बार कांग्रेस के टिकट पर सैकुल सीट जीती थी। 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले वह भाजपा में शामिल हो गए थे।

›› किसने लगाया बम, जांच जारी ?

बम किसने लगाया, इस बात का अभी तक पता नहीं चला है। इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मुठभेड़, तलाशी अभियान जारी

नूना न्यूज एजेंसी

जम्मू-कश्मीर। में किश्तवाड़ जिले के सुदूर जंगल में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रविवार तड़के मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने जिले में मचैल माता मंदिर में दर्शन के लिए जाने वाले तीर्थयात्रियों को पर्याप्त सुरक्षा का आश्वासन दिया और कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की आवाजाही की सूचना मिलने के बाद जब पुलिस ने सेना और अर्धसैनिक बलों की मदद से नौनट्टा, नागसेनी पेयास और आसपास के इलाकों में खोजबीन अभियान शुरू किया, तो दोनों पक्षों के बीच थोड़ी देर के लिए मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गये हैं और घने जंगल में भागे गये आतंकवादियों की तलाश के लिए अभियान जारी है। एक दिन पहले ही दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के कोकेरनाग जंगलों में भीषण गोलीबारी में सेना के दो जवान-हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा शहीद हो गये थे तथा पांच अन्य घायल हो गये थे। अधिकारियों ने बताया कि किश्तवाड़ में आज की मुठभेड़ का पद्दार क्षेत्र में वार्षिक मचैल माता यात्रा पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

'हमारा जीवन और वित्तीय लेनदेन खुली किताब है'

››››››› SEBI चीफ के पति ने हिंडनबर्ग के आरोपों को किया खारिज

नूना न्यूज एजेंसी



नई दिल्ली। अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च एक बार फिर नए खुलासे के साथ सामने आया है। इस बार हिंडनबर्ग ने सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच और अदाणी ग्रुप को लेकर बड़े दावे किए हैं। हिंडनबर्ग ने माधबी बुच और उनके पति की अदाणी ग्रुप की शेल कंपनियों में हिस्सादारी होने की बात कही है। इन आरोपों के बीच माधबी बुच और धवल बुच ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों का खंडन किया है। 10 अगस्त 2024 की हिंडनबर्ग रिपोर्ट में हमारे खिलाफ लगाए गए आरोपों के संदर्भ में, हम यह बताना चाहते हैं कि हम रिपोर्ट में लगाए गए निराधार आरोपों का दृढ़ता से खंडन करते हैं।

›› आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है- माधबी

उन्होंने कहा, "आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। हमारा जीवन और वित्तीय स्थिति एक खुली किताब है। सभी जरूरी खुलासे पिछले कुछ सालों में सेबी को पहले ही प्रस्तुत किए जा चुके हैं। हमें किसी भी और सभी वित्तीय दस्तावेजों का खुलासा करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है।" दंपत्ति ने आगे कहा, "जांच के दौरान सेबी को वे दस्तावेज भी दिए गए हैं जो उस समय से संबंधित हैं, जब हम सेबी से नहीं जुड़े थे। इसके अलावा पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हम सही समय पर एक विस्तृत बयान जारी करेंगे।

›› चरित्र हनन का सहारा लेने का आरोप लगाया

दंपत्ति ने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए हिंडनबर्ग पर सेबी उपायों के जवाब में चरित्र हनन का सहारा लेने का आरोप लगाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका जीवन और वित्तीय स्थिति पारदर्शी है और उन्होंने पिछले कई सालों से सेबी को सभी आवश्यक खुलासे लगातार उपलब्ध कराए हैं।

›› पिछले साल अदाणी ग्रुप पर किया था खुलासा

इससे पहले पिछले साल जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी जिसमें अदाणी ग्रुप पर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था। इसके कारण कंपनी के शेयर की कीमत में भारी गिरावट आई थी। उस समय समूह ने इन दावों को खारिज कर दिया था।

यूनुस सरकार ने मीडिया को बंद करने की क्यों दी चेतावनी

कहा- सच्चाई को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

›› 'देश की स्थिति खराब हो जाती है'

ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मीडिया ने भ्रामक खबरें दीं तो उन्हें बंद कर दिया जाएगा। मीडिया द्वारा सच्चाई पेश न करने की आलोचना करते हुए हुसैन ने कहा, "जब मीडिया ईमानदारी से रिपोर्ट करने में विफल रहता है तो देश की स्थिति खराब हो जाती है।" उन्होंने तर्क दिया की अगर मीडिया ने घटनाओं की सही रिपोर्टिंग की होती तो पुलिस से जुड़ी मौजूदा स्थिति से बचा जा सकता था।'

नूना न्यूज एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने रविवार को मीडिया संगठनों को कड़ी चेतावनी जारी की है। इसमें कहा गया है कि अगर वे झूठी या भ्रामक खबरें प्रकाशित या प्रसारित करेंगे तो उन्हें बंद कर दिया जाएगा। यह कदम गलत सूचना के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल

›› 'सच्चाई को नजरअंदाज करती है मीडिया'

हुसैन ने आगे कहा कि 'मीडिया अक्सर सच्चाई को नजरअंदाज कर देता है। टॉक शो में ठोस चर्चा की कमी होती है और मीडिया सटीक जानकारी देने में विफल रहता है।' इस बीच, डाक, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी के सलाहकार नाहिद इस्लाम ने कहा कि हाल ही में छात्र विरोध प्रदर्शन के दौरान इंटरनेट बंद करने में शामिल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

›› 'इंटरनेट बंद करने वालों पर होगी कार्रवाई'

डेली स्टार अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को सचिवालय में अपने कार्यालय में कार्यभार संभालने के पहले दिन पत्रकारों से बात करते हुए नाहिद ने इस बात पर जोर दिया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान इंटरनेट बंद करने के लिए जिम्मेदार लोगों को परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि इंटरनेट तक पहुंच एक अधिकार है और इसे बाधित करना और बंद करना मानवाधिकारों का उल्लंघन है। नाहिद ने जोर देकर कहा कि अंधाधुंध इंटरनेट शटडाउन अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

(सेवानिवृत्त) एम सखावत हुसैन ने राजारबाग केंद्रीय पुलिस अस्पताल में घायल पुलिसकर्मियों से मुलाकात की और इस दौरान उन्होंने कहा, 'जब मीडिया सच्चाई को सामने नहीं लाता तो राष्ट्र लड़खड़ा जाता है।'

दिल्ली में कल बंद रहेंगे सरकारी अस्पताल

कोलकाता मामले में डॉक्टर्स ने किया हड़ताल का एलान

नूना न्यूज एजेंसी

नई दिल्ली। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर की हत्या की घटना के विरोध में फेडरेशन आफ रेजिडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) इंडिया ने सोमवार से देश भर के सरकारी अस्पतालों में अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है। फोर्डा ने बाकायदा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को पत्र लिखकर अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा को छोड़कर नियमित सेवाएं बंद करने की घोषणा की है और देश भर के सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) से इस हड़ताल में शामिल होने की अपील की है।

›› हर दिन अस्पतालों में आते हैं हजारों मरीज

सफदरजंग अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन करीब दस हजार, आरएमएल अस्पताल में करीब आठ हजार, लोकनायक में करीब छह हजार, जीबी पंत अस्पताल में करीब ढाई हजार व

›› इन अस्पतालों में रहेगी हड़ताल

सफदरजंग, आरएमएल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी) के सुचेता कृपलानी, कलावती सरन, लोकनायक, जीबी पंत, जीटीबी, डीडीयू, अंबेडकर अस्पताल व इहबास (मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान) इन दस बड़े अस्पतालों के आरडीए ने अस्पताल प्रशासन को हड़ताल की सूचना दे दी है। इस वजह से अस्पतालों में ओपीडी, नियमित सर्जरी, जांच व वार्ड में भर्ती मरीजों की देखभाल भी प्रभावित रहेंगी। लेकिन अस्पतालों की इमरजेंसी वार्ड में रेजिडेंट डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद रहेंगे।

›› रेजिडेंट डॉक्टर्स रहेंगे हड़ताल पर

वैसे तो अस्पतालों की ओपीडी में फैकल्टी व कंसल्टेंट स्तर के डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद रहेंगे। लेकिन रेजिडेंट डॉक्टर्स के हड़ताल पर रहने से नियमित सेवाएं प्रभावित रहेंगी। ओपीडी में नए मरीजों का इलाज मुश्किल होगा। बताया जा रहा है कि अस्पतालों में पहले से निर्धारित ज्यादा सर्जरी टाल दी गई है। एम्स में रेजिडेंट डॉक्टर्स ने हड़ताल की घोषणा नहीं की है। इसलिए एम्स में सोमवार को सामान्य दिनों की तरह ओपीडी व नियमित सर्जरी होंगी। लेकिन एम्स के आरडीए के नेतृत्व में मंगलवार को रेजिडेंट डॉक्टर्स ने कैंडल मार्च कर घटना का विरोध किया। रेजिडेंट डॉक्टर्स के संगठन कोलकाता की घटना के मामले में सख्त कार्रवाई के साथ-साथ केंद्र सरकार से देश भर के अस्पतालों में डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए प्रोटोकाल तैयार करने और एक विशेषज्ञ कमेटी बनाकर केंद्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा अधिनियम कानून बनाने की मांग की है। डॉक्टर लंबे समय से इसकी मांग करते रहे हैं। रेजिडेंट डॉक्टर्स के संगठनों का कहना है कि वे इस बार इस मांग से पीछे नहीं हटेंगे।

एलएचएमसी के दोनों अस्पतालों में करीब साढ़े चार हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इन अस्पतालों में दिल्ली के अलावा दूसरे राज्यों से भी मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं।

दिल्ली

सार संक्षेप

108 बार महामृत्युंजय मंत्र का जाप कर मांगी मनोकामनाएं

सेक्टर-8 स्थित श्रीराम मंदिर में महामृत्युंजय मंत्र का जाप करते श्रद्धालु।

करनाल : श्री राम मंदिर सेक्टर 8 में भोले बाबा की अपार कृपा बरसी। अमृत बेला में संध्या दीप कौर ने 108 बार महामृत्युंजय मंत्र का जाप श्रद्धालुओं के साथ संपन्न करवाया। संध्या दीप कौर ने बताया कि महामंत्र के उच्चारण से उत्पन्न हुई ध्वनि से दैविक शक्तियों का शरीर के चारों तरफ औरा चक्कर रहता है जो सुरक्षा चक्र के रूप में हमारे शरीर की रक्षा करते हैं। भगवान शिव से प्रार्थना है कि हमें संसार के आवागमन से मुक्त कर मोक्ष की प्राप्ति करवाएं। इससे पूर्व मुख्य यजमान के रूप में सरदार दविंदर मोहन सिंह व उनकी धर्मपत्नी संध्या दीप कौर ने भोले बाबा को अपने हाथों से बहुत ही सुंदर ढंग से फूलों द्वारा सजाया। पंडित अनिल शास्त्री एवं पंडित हरीश शास्त्री ने विधिवत रूप से भोले बाबा का अभिषेक करवाया। कार्यक्रम में नीरज कपूर, मिहिर बनर्जी, सुशीला, अंजना, सुधा, रामपाल डा. संजय व अनुराधा अरोड़ा, सुंदर लाल दुरेजा, अवतार सिंह दुग्गल, कृष्णा, राज रानी, कविता, भावना, पवन धमीजा, तरसेम गुप्ता, अनु खट्टर, सुषमा धमीजा, मुरारी बत्रा, अशोक मदान, वेद दुआ, सरोज दुआ, अनिल प्रीत सिंह धमीजा, चंद्र बत्रा व साहिल डोरा इत्यादि ने भाग लिया।

झूठे आश्वसनों से पंजीकृत चिकित्सकों में रोष

मीटिंग में उपस्थित पंजीकृत चिकित्सक।

करनाल : हरियाणा सरकार से 44 दौर की मीटिंगों के बाद गैर पंजीकृत चिकित्सकों को केवल झूठे आश्वासन मिले हैं जिसको लेकर चिकित्सकों में भारी रोष बना हुआ है। यह बात सामाजिक चिकित्सक महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीचन्द तंवर ने मिटिंग में महासंघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा गैर पंजीकृत चिकित्सकों की मांगों को लेकर कई बार हरियाणा सरकार की प्रतिनिधियों से बातचीत हो चुकी है लेकिन इसके बावजूद भी महासंघ की मांगों को आज तक सरकार की तरफ से सिरे चढ़ाने बारे बात नहीं की गई। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल ने यमुनानगर में मैडिकल कालेज के उद्घाटन के अवसर पर घोषणा की थी कि गैर पंजीकृत डाक्टरों को ट्रेनिंग करवाएंगे लेकिन कई साल बीत जाने के बावजूद भी आज तक घोषणा को अमलीजामा नहीं पहनाया गया। इस मौके पर प्रधान रामफल समौरा, ब्लाक प्रधान मनफूल एवं उपप्रधान डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि महासंघ के सभी पदाधिकारी और सदस्य यूनियन के कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और यूनियन का जो आदेश होगा उसका पालन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. बालकृष्ण, डॉ. रघबीरपाल, डॉ. लेखपाल, डॉ. सोहनलाल, डॉ.विष्णु मेहता, डॉ. मुकेश, डॉ. सलीम, डॉ. सतीश बाजवा, डॉ. सोनू, डॉ. सुभाष प्योंत आदि उपस्थित रहे।

ऊजार्वान व सकारात्मक सोच से भरे होते हैं तीर्थ स्थल : मीना चौहान

भंडारे में सेवा करती भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान रायसन।

तरावड़ी : भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान रायसन ने कहा कि भगवान शिव की महिमा अपरम्पार है। भगवान शिव सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से अराधना करते हैं, उनकी मनोकामनाएं जरूर पूर्ण होती हैं। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान रायसन गांव कारसा डोड में पैराणिक तीर्थ कुलतारण में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा में हिस्सा ले रही थी। उन्होंने यहां पर आयोजित भंडारे में भी कई घंटों तक सेवा की ओर भंडारे में लोगों को प्रसाद वितरित किया। इससे पहले भाजपा नेत्री मीना चौहान रायसन ने गांव कारसा डोड के पैराणिक तीर्थ कुलतारण में विराजमान किए गए शिवलिंग पर मत्था टेककर हल्कावासियों के जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा के रचयिता श्यामलाल गुप्त की पुण्यतिथि पर किया नमन

नशे के खिलाफ शपथ दिलवाते हुए डा. अशोक वर्मा।

करनाल : 1977 में आज ही के दिन ह्यविजयी विश्व तिरंगा प्याराह्न के रचयिता श्यामलाल गुप्त जी का निधन हुआ था। हम सब उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और संकल्प लेते हैं कि नशे रुपी व्यसन को समाज से समूल उखाड़ फेकेंगे। ये शब्द हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने जिला कारागार करनाल के प्रशिक्षण विद्यालय में कारागार सहायक अधीक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहे। वे आज विशेष रूप से नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के लिए पधारे हुए थे जिसमें 25 कारागार सहायक अधीक्षकों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम अमित कुमार अधीक्षक एवं प्राचार्य कारागार प्रशिक्षण विद्यालय करनाल के निर्देशन में हुआ। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा न केवल व्यक्तिगत जीवन के लिए अभिशाप है अपितु समाज और राष्ट्र के विकास में बहुत बड़ी बाधा है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई।

रामलीला के लिए निगम देगा 40 दिन के लिए निशुल्क ग्राउंड

दिल्ली : श्री रामलीला महासंघ का प्रतिनिधि मंडल दिल्ली की रामलीलाओं को आ रही परेशानी को लेकर दिल्ली नगर निगम के आयुक्त श्री अश्विनी कुमार से मिला महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने अवगत कराया कि दिल्ली में नगर निगम के अलग-अलग जोन में रामलीला के लिए ग्राउंड की परमिशन 15 दिन की दे रहे हैं पिछले वर्ष निगम द्वारा 40 दिन के लिए निगम ग्राउंड निशुल्क , प्रचार के बैनर एवं होल्डिंग की परमिशन, डीटीडी पाउडर, दवाइयां का छिड़काव,मेले, झूले के प्रमाण पत्र, ग्राउंडों पर स्ट्रीट लाइट, सफेदी, शौचालय, बदरपुर का छिड़काव, गमले, पेड़ पौधे, निशुल्क आदि की सुविधा मिलती रही हैं दिल्ली नगर निगम के आयुक्त श्री अश्विनी कुमार ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि निगम की ओर से पिछले वर्षों में जो सुविधा रामलीलाओं को मिलती रही हैं वह इस वर्ष भी सभी सुविधाएं रामलीलाओं को मिलेगी श्री रामलीला महासंघ प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष अर्जुन कुमार, महासचिव सुभाष गोयल, जत्थेदार अवतार सिंह पूर्व महापौर, कृष्ण बसिया, प्रवीण कपूर, अमित अग्रवाल आदि सम्मिलित हुए ` इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल की ओर से निगम आयुक्त श्री अश्विनी कुमार को प्रभु श्री राम का चित्र, रामायण, शाल, भेंट कर सम्मान किया गया महासंघ के अध्यक्ष श्री अर्जुन कुमार ने निगम द्वारा दी गई सभी सुविधाओं के लिए श्री अश्वनी कुमार निगम आयुक्त का धन्यवाद किया।

उस्ताद आशिक अली खान साहब जी की 25 वीं बरसी के अवसर पर संगीत श्रद्धांजलि का आयोजन

नई दिल्ली। भारत देश के कैराना घराना के मशहूर सारंगी नवाज मरहूम उस्ताद आशिक अली खान साहब जी की 25 वीं बरसी के अवसर पर संगीत श्रद्धांजलि का कार्यक्रम के साथ - साथ शहनाई रत्न, मोहनवीणा रत्न और शिक्षक सम्मान समारोह का बेहद ही सफलतापूर्वक आयोजन इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली में आयोजित हुआ, कार्यक्रम की शुरूआत संगीत के क्षेत्र के होनहार विद्यार्थियों द्वारा शास्त्रीय संगीत की बेहद ही सुन्दर प्रस्तुति देकर हुई। इस संगीतमयी शाम की अगली श्रंखला में जानेमाने कलाकारों एवं विद्यार्थियों ने अपनी सुन्दर एवं जटिल प्रस्तुति देकर अपने गुरूजनों को गौरवान्वित किया जिसमें प्रसिद्ध कोरियोग्राफर एवं नृत्यांगना ऋतु श्री, कोरियोग्राफर एवं नृत्यांगना श्रीमती सोमिका श्रीवास्तव और संगीत शिक्षिका श्रीमती तनुश्री सामंता के होनहार विद्यार्थियों द्वारा अपने - अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में देश ही नहीं ब्लकि पूरे विश्व के जानेमाने शास्त्रीय संगीत कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। इस चरण में सर्वप्रथम श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव ने सोलो तबला वादन प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम के इसी चरण में विश्वप्रसिद्ध टॉप ग्रेड तबला वादक आदरणीय पंडित किशोर बैनर्जी एवं ए ग्रेड तबला वादक श्री शिव शंकर बैनर्जी द्वारा जुगलबन्दी का अद्भुत तबला वादन पेशकर उस्ताद आशिक अली खान साहब को श्रद्धांजलि दी। आपके साथ सारंगी पर लहरा ए ग्रेड सारंगी वादिक गौरी बैनर्जी साती ने दिया। अगले चरण में बनारस से पधारे प्रसिद्ध शहनाई वादक भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्ला खान साहब जी के पौत्र श्री आफाक हैदर जी को उस्ताद आशिक अली खान सम्मान शहनाई रत्न से सम्मानित किया गया। उस्ताद आशिक अली खान सम्मान मोहनवीणा रत्न जानेमाने ग्रेमी अवार्ड एवं पद्मभूषण पंडित विश्वमोहन भट्ट जी के वरिष्ट शिष्य डॉक्टर रंजन को मोहनवीणा रत्न से सम्मानित किया गया। उस्ताद आशिक अली खान शिक्षक सम्मान श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं श्रीमती सोमिका श्रीवास्तव को दिया गया। कार्यक्रम की उद्घोषिका श्रीमती नीतू उप्पल ने बहुत ही खूबसूरत अंदाज में इस कार्यक्रम का संचालन कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर आदरणीय डॉ चंद्रचूड़, डॉ. हिना, मानिकलाल रावत, आगरा से पधारे प्रसिद्ध समाज सेवी उस्मान आगाई, श्री आर. के. उप्पल, श्रीमती सपना शर्मा, सैफ अली खान श्रीमती फलमिजरा खान, शाहरुख खान, सानिया खान, सोनू सिंह, अमान खान इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष अशरफ अली खान ने संगीत प्रेमियों को धन्यवाद देकर आगे भी इसी तरह उस्ताद आशिक अली खान ट्रस्ट से जुड़े रहने की गुजारिश की।

राहुल गांधी दिल्ली के बेरोजगार 10 हजार "सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स" की आखिरी उम्मीद !

नई दिल्ली . 11 अगस्त: कर्नल रोहित चौधरी अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक विभाग अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाया है के दिल्ली सरकार व छत्र्ॠ की मिलीभगत से 10 हजार से अधिक सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स बेरोजगार हो गए हैं। अक्लउ, ल्दद दिल्ली में सिविल डिफेंस के सैकड़ों वॉलंटियर्स राहुल गांधी जी व कांग्रेस पार्टी में विश्वास जताते हुए पूर्व सैनिक विभाग, अक्लउ के दफ़्तर पहुंचे। जहां उनके साथ विस्तृत चर्चा कर समस्या को सुना और समाधान के लिए आगे की रणनीति तय की। दिल्ली सरकार ने इनकी सेवाएं खत्म करने के लिए अक्टूबर 2023 में लेफ्टिनेंट गवर्नर, दिल्ली के पास प्रस्ताव भेजा व छत्र्ॠ के एक फरमान ने इनको बेरोजगार कर दिया। पिछले 10 महीने से बहाली के लिए इनको दोनो तरफ से झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। ये डिफेंस वॉलंटियर्स लंबे समय से सेवाएं दे रहे थे, जिनको 2015 में "अअढ सरकार" ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए परिवहन विभाग द्वारा सार्वजनिक बसों में मार्शल नियुक्त किया व खूब वाहवाही लूटी। इसके अलावा जरूरत पढ़ने पर 'सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स' स्कूल, अस्पताल और यमुना के घाट आदि पर आपात स्थिति में सेवाएं देते रहे । कोरोना काल में भी इनका काम सहरानीय था। कर्नल रोहित चौधरी (सेवानिवृत्त) एआईसीसी के पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष ने विश्वास जताया के कांग्रेस पार्टी आंदोलनरत डिफेंस वॉलंटियर्स के न्याय की इस लड़ाई में साथ है। और इन की आवाज को पुरजोर तरीके से सड़क से संसद तक उठाया जायेगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस मैं सब जोरा सिंह (सेवानिवृत्त), कर्नल प्रमोद शर्मा (सेवानिवृत्त), सीपीओ सुरिंदर कुमार (सेवानिवृत्त),. सुदीप सांगवान (सेवानिवृत्त) भी उपस्तीत थे....

डॉ. एस आदिनारायण सुरम्य संस्कृति सम्मान 2024 से सम्मानित

नई दिल्ली 11 अगस्त। आदिलीला फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. एस आदिनारायण को सुरम्य (प्रदर्शन कला संस्थान) द्वारा आयोजित "कुचिपुड़ी नृत्य की एक शाम" कार्यक्रम में उनकी सर्वश्रेष्ठ सामाजिक सेवाओं के लिए सुरम्य संस्कृति सम्मान 2024 पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीमती जीके-1 की पार्षद शिखा राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की, जो मुख्य अतिथि थीं। बिपिन चंद्र पाल ऑडिटोरियम, चितरंजन पार्क में गुरु मीनू ठाकुर की शिष्या सुरम्य द्वारा नृत्य आराधना, कुचिपुड़ी नृत्य प्रस्तुत किया गया। श्रीमती शिखा राय, पार्षद विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। अभय सिन्हा, सिस्टर बी.के. मेधा एवं अन्य उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू की सास परमिंदर कौर की अंतिम अरदास में वीरेश शांडिल्य ने दी श्रद्धांजलि

केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू की सास परमिंदर कौर की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे वीरेश शांडिल्य।

करनाल अगस्त : करनाल के गुरुद्वारा श्री सुखमनी साहिब में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की माँ (सास) परमिंदर कौर की अंतिम अरदास में आज कई राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के लोगों ने श्रद्धांजलि दी और परिवार को सांत्वना दी । इस मौके पर एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया एवं ब्राह्मण महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी एवं परमिंदर कौर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए । वीरेश शांडिल्य ने केंद्रीय मंत्री बिट्टू एवं परमिंदर कौर के पति परमजीत सिंह मान को भी सांत्वना दी और परिवार को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी रवनीत बिट्टू की सास परमिंदर कौर के निधन पर शोक संदेश भेज गहरा दुख व्यक्त किया। वहीं अंतिम अरदास में पंजाब के कई विधायक भी शामिल हुए व घरौंडा से विधायक हरविंद्र कल्याण, असंध से विधायक शमशेर सिंह गोगी, पूर्व मंत्री गुरकीरत कोटली, पूर्व विधायक अरविंद खन्ना, पंजाब हरियाणा हाइकोर्ट के एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य, सुरेंद्र पाल केके समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

कांग्रेस नेता राजीव गोंदर का प्रचार रथ हलके में किया रवाना

प्रचार रथ को रवाना करते राजीव गोंदर।

गोंदर, निसिंग : विधानसभा नीलोखेड़ी के कांग्रेस नेता राजीव मामूराम गोंदर का प्रचार रथ हल्के में कांग्रेस का संकल्प पत्र और पार्टी के नेताओं का संदेश लेकर जनता के बीच में जाएगा। शनिवार को मंत्रोच्चार के बाद अनाज मंडी तरावडी से प्रचार रथ को झंडी दिखा कर और पंडित शशीभूषण शास्त्री ने मंत्रो के उच्चारण, मोल्वी मोहम्मद वाहिद खान ने नमाज और गुरुद्वारा बाबा वड़भाग सिंह नीलोखेड़ी से बाबा बीर सिंह ने अरदास कर रवाना किया गया। इस मौके पर ज्ञान सिंह नम्बरदार, सुल्तान सोहलो, सुमित गोयल, नवदीप गुप्ता, पूर्व सरपंच अमरजीत पूजम, मदन साम्भी प्रधान, पूर्व सरपंच सुनील कैनवाल, पूर्व सरपंच सुभाष, ओमप्रकाश शर्मा बाकीपूर, ब्रिजेश राणा, रमेश भाटिया, भास्कर लूथरा, राजेश राणा, संजय भाटिया, पूर्व सरपंच मेघराज, नीटू गुप्ता, रिषीपाल नम्बरदार, बलजीत भैणी, प्रेम सग्गा, पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य कृष्ण झंझाडी, लाडी गालिबखेड़ी, विष्णु सुल्तानपुर, बलजिन्दर काम्बोज, श्रीओम शामगढ़, अर्पित पोपली, बलबीर सोहलों आदि उपस्थित रहे।

पार्ट-।। कर्मचारियों के लिए एक्ट के स्थान पर रैगुलराइजेशन नीति लाए सरकार : रामरतन

निसिंग अगस्त : आउटसोर्स पार्ट-।। कर्मचारी संगठन हरियाणा के राज्य प्रधान रामरतन के नेतृत्व में प्रदेश की कार्यकारिणी तथा विभिन्न विभागों के विभागीय प्रधानों की विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सरकार द्वारा लाए जाने वाले काले कानून के विषय में मींटिंग की गई। मीटिंग में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है कि सरकार द्वारा जाया जाने वाला कानून कर्मचारियों के लिए एक छलावा है। सिवाय नुकसान के कोई फायदा नही है। प्रत्येक पार्ट-।। कर्मचारी अपनी 58 वर्ष की आयु तक सेवा में बना तो रहेगा परंतु कर्मचारी अपनी आवाज न तो खुल कर उठा सकता और न ही न्यायालय में न्याय के लिए जा सकता। इस मौके पर आउटसोर्स पार्ट-।। कर्मचारी संगठन के राज्य महासचिव योगेश चंद्र, प्रेस सचिव सतवीर, संयोजक संदीप देशवाल, प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर संजय मुंडे, हायर एजुकेशन विभाग से धर्मेंद्र दहिया, रविंद्र कुमार, रोहित कुमार, रंजना, स्वास्थ्य विभाग से दर्शन हुडा, बिजली विभाग जसपाल टोपरा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहें।

खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुई श्रद्धालुओं की बस

खाटू श्याम धाम के लिए रवाना होते श्रद्धालु।

करनाल, अगस्त : श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से खाटू श्याम धाम के लिए करनाल से बस यात्रा रवाना की गई। शहर के मुगल कनाल स्थित खेड़ा चौक से समिति के प्रधान प्रमोद मंगला व उप प्रधान विकास गर्ग ने नारियल फोड़कर विधि-विधान बस यात्रा का शुभारंभ किया। इस बार बस यात्रा अग्रोहा धाम, लक्ष्मी माता मंदिर, सालासर बालाजी व खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुई है। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं गांव बात्ता के पास सुप्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल से भी भेंट हुई। कन्हैया मित्तल ने चंडीगढ़ से पदयात्रा शुरू की हुई है। उन्होंने सभी समिति के सदस्यों और यात्रियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर इस अवसर पर समिति के प्रधान प्रमोद मंगला, उप प्रधान विकास गर्ग, संजीव मित्तल, योगेन्द्र शर्मा, अनिल मित्तल, जतिन, ईश्व मंगला, रेनु मंगला, विपिन गुप्ता, ममता रानी व अशा रानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मातृशक्ति उद्यमिता योजना से आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं : उत्तम सिंह

अगस्त : प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ 18 से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं को प्रदान किया जाता है जिनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो। इसके अतिरिक्त पात्र महिला पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफॉल्टर नहीं होनी चाहिए। महिला को हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। इस ऋण के माध्यम से महिलायें स्वरोजगार स्थापित करके दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि योजना से जुड़ी जानकारी के लिए कार्यालय हरियाणा महिला विकास निगम के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

राशिफल 11-8-2024 (रविवार)

मेष
कार्य व्यवसाय में प्रगति में प्रयास, उच्चाधिकारियों से संपर्क का सुपरिणाम प्राप्त, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, दूसरों के आश्वासन से मानसिक राहत मिलेगी।

वृषभ
शारीरिक कष्ट, आंकाक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, जोखिम से काम में नुकसान, वैवाहिक जीवन में अशांति, संतान पक्ष के प्रति चिंतित, अकारण भ्रमण से निष्प्रयोजन, व्यय भी।

मिथुन
नौकरी में पदोन्नति या स्थानांतरण हेतु विषयक मसला हल, परोपकार की भावना जागृत, विरोधी परास्त, दाम्पत्य जीवन में अनुकूलता, मौज-मस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

कर्क
व्यक्तित्व का विकास, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, पुराने विवाद के समापन से प्रसन्नता, बुद्धि चातुर्य से तनाव में कमी, भोग विलासिता की ओर रूझान।

सिंह
शुभ काम की शुरुआत से मन प्रसन्न, उन्नति के द्वार खुलेंगे, आरोग्य सुख की प्राप्ति, कर्ज अदायगी में सफलता,खानपान में नयापन, सुख-सुविधा में बढ़ौतरी।

कन्या
शिक्षा के क्षेत्र में कामयाबी मिलने की संभावना, शख्सियत का विकास, योजना साकार होने की ओर, विरोधी परास्त, सुख साधनों पर खर्च होगा, बड़ों की सलाह लेने का प्रयास करें।

तुला
स्वास्थ्य में सुधार, कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में, उन्नति का सुअवसर, लाभ का मार्ग प्रशस्त, जटिल समस्याओं के समाधान में स्वयं का निर्णय हितकर, आपसी सामंजस्य।

वृश्चिक
अधूरे काम पूरे होने की ओर, व्यापार में सफलता, मनोरंजन की ओर दिलचस्पी, वैवाहिक जीवन में मधुरता, आहार-विहार में लापरवाही, सुख के साधन में वृद्धि, हर्षोल्लास का वातावरण।

धनु
ग्रह स्थिति भाग्य के पक्ष में, अधूरे कार्यों की पूर्ति, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार पर, वाद-विवाद का निर्णय पक्ष में, रचनात्मक क्रिया-क्लापों की ओर अभिरूचि, हर्ष की स्थिति।

मकर
योजना साकार होने की ओर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मनोविनोद के अवसर सुलभ, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

कुंभ
किसी योजना पर काम की शुरुआत, बड़ों से संपर्क का लाभ, दर्शनीय स्थल की यात्रा का प्रसंग, आत्मिक शांति की अनुभूति, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, आमोद-प्रमोद के साधन उपलब्ध होंगे।

मीन
प्रगति में अवरोध, कार्यों में निराशा, आहार विहार की अनियमितता से स्वास्थ्य प्रभावी, कर्ज अदायगी की चिंता, आय की तुलना में व्यय की अधिकता, वैवाहिक अड़चनें।

सुडोकू

				4	6	2	9	
		6			2			
	1			8		6		
8		4			3	9	1	
	6	3		9		4	8	
	9	1	8			3		7
		9		6			3	
			3			5		
	3	8	4	5				

सुडोकू- कल का उत्तर

5	4	7	6	1	9	3	8	2
2	3	1	4	8	5	6	9	7
9	6	8	3	7	2	4	5	1
7	8	3	2	5	6	9	1	4
1	9	5	8	4	3	2	7	6
6	2	4	1	9	7	8	3	5
3	5	9	7	2	4	1	6	8
8	7	2	9	6	1	5	4	3
4	1	6	5	3	8	7	2	9

आड़े, खड़े व 3x3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। पहेली के एक से अधिक हल हो सकते हैं।



विक्रमी संवत 2081, शके 1946, सूर्य दक्षिणायण, वर्षा ऋतु, श्रावण मास शुक्ल पक्ष की सप्तमीं पूर्ण रात्रि तक, चित्रा नक्षत्र तत्पश्चात स्वाति नक्षत्र, शुभ योग तत्पश्चात शुक्ल योग, चंद्रमा तुला राशि में विद्यमान।

राहुकाल: साय: 05:24 से 07:04 बजे तक।

सांसद दीपेंद्र हुड्डा की पदयात्रा का हजारों लोग करेंगे स्वागत : धर्मपाल गोंदर

ग्रामीणों को पदयात्रा का न्यौता देते हल्के के मौजूदा विधायक धर्मपाल गोंदर।

तरावड़ी, अगस्त : आजाद विधायक धर्मपाल गोंदर ने 29 अगस्त को नीलोखेड़ी में आयोजित होने वाली हरियाणा मांगें हिसाब कार्यक्रम के तहत सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा की पदयात्रा का न्यौता दिया। विधायक धर्मपाल गोंदर ने हल्के के गांव जाम्बा, निगदू, कोयर, कारसा डोड समेत कई ग्रामीण इलाकों में जनसंपर्क किया ओर सांसद दीपेंद्र हुड्डा की पदयात्रा में भारी से भारी संख्या मे पहुँचकर सफल बनाने की अपील की। विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि नीलोखेड़ी के रामलीला मैदान में 29 अगस्त को सांसद दीपेंद्र हुड्डा पहुंचेगे। यहां पदयात्रा भी निकाली जाऐगी और दीपेंद्र हुड्डा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि यात्रा के दौरान हमे अनुशासन बनाए रखना है। विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि हमारी यह प्राथमिकता होनी चाहिए कि पदयात्रा के दौरान नए लोग सांसद दीपेन्द्र हुड्डा से जुड़ सकें। इस अवसर पर गांव जाम्बा के सरपंच ईशम सिंह भी मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद द्वारा हरियाली तीजोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

अमरोहा। शनिवार की देर रात नगर में भारत विकास परिषद के मैत्री शाखा के तत्वाधान में तीजोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सभी सदस्यों ने जमकर नृत्य एवं संगीत का आनंद लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता के चित्र पर संस्था के अध्यक्ष अतुल किशोर सक्सेना, सचिव अनुपम अग्रवाल, संरक्षक प्रमोद गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष विशाल महेश्वरी द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया, तत्पश्चात सदस्यों ने रंगारंग कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। सर्वप्रथम पीहू रस्तोगी द्वारा शिव वंदना एवं अवनी गुप्ता द्वारा गौरी वंदना प्रस्तुत की गई। नन्ही कलाकार नव्या अग्रवाल द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रियंका खंडेलवाल एवं शुभी खंडेलवाल द्वारा युगल प्रस्तुति दी गई। वहीं बानी माहेश्वरी ने राजस्थानी गीत पर अपनी प्रस्तुति दी। अंजू अग्रवाल, नीरू अग्रवाल, योगेश मालीवाल, ममता अग्रवाल व कावेरी सक्सेना द्वारा बहुत सुंदर ग्रुप डांस किया गया। डॉक्टर संजय जौहरी, अरुण रस्तोगी, नीरज महेश्वरी, संजय बाहेती द्वारा देश भक्ति गीतों पर दी गई प्रस्तुति अत्यंत सराही गई। वर्षा महेश्वरी रुचि रस्तोगी, शिल्पा माहेश्वरी द्वारा अत्यंत मोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई। गीता विरमानी एवं रीना माथुर द्वारा प्रस्तुत हास्य नाटिका ने सभी को खूब हंसाया। कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं भी रखी गई जिसमें बच्चों के मध्य राखी प्रतियोगिता की गई जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आयुष माथुर प्रथम तथा पीहू रस्तोगी द्वितीय रहे। महिलाओं के मध्य कंगन बनाओ प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें शालिनी कपूर विजेता रही । सदस्यों के मध्य बाजूबंद प्रतियोगिता भी थी जिसमें प्रथम स्थान मोनिका रस्तोगी ने एवं द्वितीय स्थान श्वेता रस्तोगी ने प्राप्त किया। मनमोहक हेयर स्टाइल प्रतियोगिता में रुचि रस्तोगी ने प्रथम एवं निधि माहेश्वरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभा में रुचि रस्तोगी को तीज क्वीन चुना गया। महिला संयोजिका शिल्पा महेश्वरी एवं सह-संयोजीका गुंजन माहेश्वरी द्वारा उन्हें ताज पहनाया गया। संस्था मे नए सदस्यों सुशील गुप्ता , मोनिका गुप्ता, पुनीत अरोड़ा, पूजा अरोड़ा, समीर खंडेलवाल, प्रियंका खंडेलवाल का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रचना गोयल, सारिका अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, शशि चतुर्वेर्दी, गीता गोयल, नूतन गुप्ता ,ममता गोयल, वंदना गोयल, पिंकी बाहेती, संगीता महेश्वरी ,नीतू रस्तोगी ,पूजा गुप्ता, शालू रस्तोगी ,यशी महेश्वरी, अर्चना अग्रवाल, संगीता अग्रवाल , गीता अग्रवाल, अरुण रस्तोगी, अतुल अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, इंद्र मोहन अग्रवाल, प्रबोध रस्तोगी, राजीव माहेश्वरी, राजीव गोयल, संजय गोयल ,मनोज गोयल, मुकेश अग्रवाल, मनु कमल गुप्ता, संदीप प्रकाश ,अचल अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बगीची वाले शिव मंदिर में मूर्तियों की हुई प्राण प्रतिष्ठा

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। रविवार को नगर में प्राचीन बगीची वाले शिव मंदिर में विभिन्न मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई, पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई, जिसमें शिव परिवार, मां काली, श्री राम दरबार एवं शेरावाली माता आदि की विभिन्न मूर्तियां स्थापित की गई, प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व सभी मूर्तियों को बैंड बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया, शोभायात्रा नगर के नवयुवक मार्केट के निकट गंगा शरण हलवाई के सामने वाली गली में स्थित बगीची वाले शिव मंदिर से प्रारंभ हुई जो मोहल्ला होली चौक, इंदिरा चौक, कायस्थान से होती हुई वापस बगीची वाले शिव मंदिर पर आकर संपन्न हुई, पंडितों ने पूरे विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कराई, प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया गया, इस मौके पर गंगा शरन सैनी, संदीप गुप्ता, राजीव शर्मा, शेखर शर्मा, वेद प्रकाश सैनी, विनम्र गुप्ता, लोकेश सैनी, पवन सैनी, विनोद भोज, भूकंन शरण, गीता देवी, बबिता देवी, सरिता, नंदिनी, कोमल, मुस्कान आदि सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

सिविल कोर्ट वार एसोसिएशन हसनपुर के चुनाव कार्यक्रम की हुई घोषणा

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन हसनपुर के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता समिति के चेयरमैन एवं चुनाव अधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता एडवोकेट ने की। जिसमें उन्होंने बताया की शुक्रवार दिनांक 09/08/2024 सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन हसनपुर के चुनाव हेतु अधिसूचना जारी हो चुकी है, तथा चुनाव कार्यक्रम निम्न प्रकार है-नामांकन करने हेतु 16 अगस्त प्रातः 11 बजे से अपराहन 3 बजे तक तथा 17 अगस्त प्रातः 11 बजे से अपराहन 2 बजे तक तिथि निर्धारित की गई है। नामांकन वापसी 20 अगस्त प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक किया जा सकेगा, तदोपरांत नामांकन पत्रों की जांच कर फाइनल सूची लगा दी जाएगी। चुनाव मॉडल वायलाज के अंतर्गत निहित सभी पदों पर आवश्यकतानुसार होगा। 22 अगस्त दिन गुरुवार को सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक होगा। चुनाव उपरांत वोटो की गिनती करके परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। चुनाव सिविल कोर्ट बार वाहय न्यायालय के अंतर्गत अधिवक्ता परिसर में संपन्न होगा। भूदेव सिंह राणा को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

भाकियू शंकर ने चलाया जनजागरण अभियान

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

धनोर। रविवार को भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के आह्वान पर धनोरा तहसील क्षेत्र में एक जनजागरण अभियान चलाया गया। तहसील क्षेत्र के गांव आजमपुर सराय में संगठन के जिलाध्यक्ष सतपाल सिंह गुर्जर के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौधरी धर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुए जनजागरण कार्यक्रम में किसानो की विभिन्न समस्याओं व उनके निस्तारण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन की कार्यकारिणी ने तय किया कि 16 अगस्त दिन (शुक्रवार) को धनोरा तहसील पर संगठन की एक बैठक जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी । 17 अगस्त दिन (शनिवार) को भाकियू शंकर संगठन के समस्त पदाधिकारियों द्वारा तिगरी गंगा धाम से 'एक कांवड़ राष्ट्र के नाम, गंगाजल लेकर राष्ट्रीय संरक्षक महामंडलेश्वर आहवान अखाड़ा 16 मढ़ी कर्मयोगी संत देवपुरी जी महाराज के सानिध्य में शिव मंदिर सेवा निकेतन आश्रम जमापुर में जलाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान जनजागरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से बबीता रानी, अशोक रानी, सुखबीर भगत जी, राजवीर गुर्जर, राकेश रतनपुर, पहलवान मेजर सिंह, निसार, यूनुस अली, सुबे सिंह, समर पाल सिंह, यशपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, अमरपाल सिंह, मोहित व रामपाल सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर/ आदमपुर। शनिवार को आदमपुर निवासी 20 वर्षीय कोमल वह उसका दोस्त लव कुश स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर से खेत की ओर जा रहे थे इस बीच बागड़पुर आदमपुर रोड पर पहुंचने पर दोपहर के समय बागड़पुर की ओर से आ रहे हैं अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दोनों युवकों को टक्कर मार दी जिसमें बाइक चला रहे कोमल पुत्र केवल निवासी आदमपुर की मौके पर ही मौत हो गई तथा उसका दोस्त लव कुश पुत्र महावीर गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वही पुलिस ने मृतक कोमल के शव को तथा ट्रक को कब्जे में ले लिया और ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया, वहीं परिजनों की तहरीर के आधार पर ट्रक चालक पप्पू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

महायोगी अड़ियल बाबा की दसवीं शाही कावड़ यात्रा का हसनपुर में हुआ जोरदार स्वागत

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। रविवार को नगर में पहुंची दसवीं शाही कावड़ यात्रा का नागरिकों ने ब्लॉक तिराहे पर जोरदार स्वागत किया, बताते चले कि शनिवार को कस्बा सैद नंगली के सैकड़ो शिव भक्त जत्थेदार पंचू अग्रवाल के साथ बृजघाट से जल लेने के लिए देर शाम ब्रजघाट पहुंचे थे, जो रविवार को जल लेकर बृजघाट से पैदल पैदल चलते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं इसी क्रम में हसनपुर नगर आगमन पर नगर के ब्लॉक तिराहे पर कावड़ यात्रा में शामिल शिव भक्तों का नगर के समाजसेवियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया, कस्बा सैद नंगली के शिव भक्त डीजे की धुन पर थिरकते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ते हुए नजर आए, वही सैकड़ो की संख्या में मौजूद शिव भक्त भोले बाबा के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे, साथ ही विभिन्न वाहनों पर डीजे पर धार्मिक नृत्य भी प्रस्तुत किया जा रहा था,महायोगी अड़ियल बाबा की दसवीं शाही कावड़ यात्रा के संस्थापक एवं जत्थेदार पंचू अग्रवाल ने बताया कि श्री शिव गंगा सेवा समिति सैद नागली के द्वारा 10 वर्षों से यह कावड़ यात्रा सावन माह में निकाली जाती है और उन्होंने बताया कि आज रात्रि तक सभी शिव भक्त अपने-अपने गंतव्य पर पहुंच जाएंगे तथा सुबह प्रातः 4 बजे से भोले बाबा को जल अर्पित करेंगे, वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल कावड़ यात्रा के साथ रहा इस मौके पर मुख्य रूप से पंचू अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, डॉक्टर पुनीत गुप्ता, राजपाल सैनी, अभय त्यागी, कुलदीप अग्रवाल, रामवीर सैनी, मनोज नामदेव, पुनीत चौधरी सहित सैकड़ो शिव भक्त एवं श्री शिव गंगा सेवा समिति सैद नंगली के लोग मौजूद रहे।

शाहजहांपुर में गर्रा एवं खन्नौत नदी फिर से उफनाई,लोगों की बढ़ी धुकधुकी

ब्यूरो रिपोर्ट-जनार्दन श्रीवास्तव

शाहजहांपुर। खन्नौत समेत गर्रा नदी का जल स्तर फिर बढ़ने लगा है नदी की सीमा पर बसे गांव के ग्रामीण जलस्तर में वृद्धि देखकर भयभीत हैं एक माह पूर्व आई बाढ़ के प्रकोप से अभी तक लोग उबरे नहीं हैं। फिर से गर्रा नदी को चढ़ता हुआ देखकर परेशानी बढ़ने लगी है। शाहजहांपुर से निकली खन्नौत तथा गर्रा नदी में पिछले जुलाई में भीषण बाढ़ आई थी गर्रा एवं खन्नौत नदी के पानी ने शहर समेत सैकड़ों गांवों को जलमग्न कर दिया था। शाहजहांपुर की मुख्य रोडों के साथ ग्रामीण इलाकों की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थी। शहर के कई मोहल्लों में लोगों के घरों में पानी भरने से लोगों को काफी नुकसान पहुंचा था साथ ही खेतों में खड़ी फसलों के डूबने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। शाहजहांपुर में कई मोहल्ले में घरों में पानी घुसने से एक पखवाड़े तक लोगों को बाढ़ का दंश झेलना पड़ा था ।उसके बाद गर्रा नदी में पानी कम होने से लोगों ने राहत की सांस ली थी। शुक्रवार शाम से गर्रा नदी के जलस्तर में फिर से वृद्धि होना शुरू हो गई ।शनिवार को नदी का पानी किनारो को छूने लगा था। जबकि शाम से नदी का पानी कम होने लगा है जिसके चलते ग्रामीणों को कुछ राहत मिली है। ददरौल क्षेत्र के गांवों में बाढ़ का पानी आने की आशंकाः किसान महेश दीक्षित, रोहित, दीवारी कश्यप, रामकुमार, रेवती,प्रतिपाल, हरद्वारी ने बताया कि गर्रा नदी अभी तक अपने दायरे में दो फीट नीचे से बह रही थी लेकिन शुक्रवार से नदी एकदम से तेजी के साथ बढ़ने लगी है। किसानों ने बताया कि जिस तेजी से एक दिन में नदी बढ़ी है उससे लग रहा है कि फिर से बाढ़ आ सकती है। किसानों का कहना है कि एक तो रुक -रुक कर हो रही बारिश परेशानी का सबब बनी हुई है। बारिश के कारण खेतों में बुवाई करना मुश्किल हो रहा है। कहीं दोबारा बाढ़ आ गई तो हालात खराब हो जाएंगे।

युविका, अमनदीप और प्रेरणा ने मारी बाजी

बिजनौर

किंडरगार्टन के छात्रों द्वारा फन विद कलर्स एक्टिविटी, कक्षा एक से पांच के छात्रों द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट द्वारा फ्रॉग, कैटरपिलर मेकिंग तथा कक्षा छह से 12 तक के छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता कराई गई। सभी कक्षाओं के छात्रों ने इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभा किया।

देश भक्ति गीत गायन में सभी कक्षाओं के अनेक छात्रों ने प्रतिभाग किया ,जिसमें कक्षा आठ की युविका, कक्षा 11 की अमनदीप एवं कक्षा 10 की प्रेरणा क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार त्यागी ने प्रतियोगिताओं का निर्णय देते हुए कहा कि इन क्रियाकलापों को कराने का उद्देश्य प्रगति के विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना को जागृत करना है। उन्होंने प्रतियोगिता में विजयी छात्रों का उत्साहवर्धन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रमाण-पत्र आत्म सर्मपण व मेहनत का प्रतीक

विवेक कॉलेज के फॉर्मेसी विभाग के छात्रों ने कि हिमालय ड्रग वेल्नस कम्पनी में समर ट्रेंनिग

प्रमाण- पत्र वितरण में शामिल विद्यार्थी।

बिजनौर

उत्तरांखण्ड के केबिनेट मंत्री गणेश जोशी तथा हिमालय ड्रग वेल्नस कम्पनी के अध्यक्ष डा. एस. फारूक ने विवेक कॉलेज बिजनौर के छात्र-छात्राओं को एक माह समर इंडिस्ट्रयल ट्रेंनिग के समापन के अवसर पर छात्रों को ट्रेंनिग प्रमाण पत्र वितरित किये। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री गणेशी जोशी ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने हिमालय ड्रग वेलस कंपनी कि और से छात्र-छात्राओं के लिये आयोजित ट्रेंनिग कार्य की प्रंशसा की। उन्होने कहा कि हमारे देश को विकास की ओर अग्रसर करने में इंडिस्ट्रयल ट्रेंनिग अति आवश्यक है। विवेक कालेज के फार्मेसी विभाग के ट्रेंनिग इंचार्ज डा. रिजवान अहमद ने बताया कि हर साल फार्मेसी विभाग के छात्रो को विभिन्न दवाईयों की कंपनी में कालेज के द्वारा एक माह की इंडिस्ट्रयल ट्रेंनिग कराई जाती है। विवेक कालेज के फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डा. सौरभ शर्मा ने हिमालय ड्रग वेल्नस कम्पनी के अध्यक्ष डा. एस. फारूक का धन्यवाद देते हुये छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विवेक कालेज के महाविद्यालय अध्यक्ष अमित गोयल एवं सचिव इंजी. दीपक मित्तल से छात्रो को शुभंकामनाए देते हुये कहा कि इस ट्रेंनिग के माध्यम से फार्मेसी के क्षेत्र में आप के लिये रोजगार के नये अवसर पैदा होते है तथा उन्होने यह भी बताया कि ट्रेंनिग प्रमाण पत्र सिर्फ एक प्रमाण पत्र नही है बल्कि आपके आत्म सर्मपण और मेहनत का प्रतीक है। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के शिक्षक डा.संदीप कुमार, डा. विशाल कुमार, डा. अकुंर गर्ग, डा. दरखशा गजाला बारी, डा. छवि वर्मा, अभिषेक मारवाडी, अजीत कुमार, डा. पीयूष विश्कर्मा, नेहा सिंह तथा अन्य सभी शिक्षको ने शुभकामनायें और बधाई दी।

युवा राष्ट्रीय लोक दल की बैठक में, भाजपा द्वारा अपेक्षित सम्मान व सहयोग न मिलने पर चिंता जताई गई

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। रविवार को नगर में युवा राष्ट्रीय लोकदल पदाधिकारियों का परिचय कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्रों व पहचान पत्रों का वितरण किया गया ,युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष इरकान अली के संयोजन में चाय पर चर्चा कार्यक्रम के अन्तर्गत युवा राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों की एक बैठक हसनपुर में एक रेस्टोरेंट पर संपन्न हुई । बैठक को संबोधित करते हुए रालोद के जिला अध्यक्ष मनवीर सिंह चिकारा ने राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों और सिद्धांतों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया । युवा रालोद की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि यह समय पार्टी को मजबूत करने का है । उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए । रालोद के प्रदेश सचिव व पूर्व सिविल जज चौ. सरजीत सिंह ने चुनाव से पूर्व और चुनाव के बाद कि रालोद की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह गंभीर स्थिति है । उन्होंने कहा कि कार्यकताओं और संगठन की जिम्मेदारी है कि वह जनता के कामों को प्रमुखता से करें । रालोद के रुहेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी ने कहा रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी अपने मंत्रालय के कार्यों को कुशलता के साथ करने के साथ-साथ देश व प्रदेश की समस्याओं के निराकरण हेतु गंभीरता पूर्वक कार्य कर रहे हैं । उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय खंडपीठ स्थापना का समर्थन करने पर? जयंत चौधरी का आभार व्यक्त किया और पार्टी पदाधिकारियों से रालोद के कार्यों को मीडिया /सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया । पूर्व जिला अध्यक्ष मास्टर हरपाल सिंह ने युवा रालोद संगठन की प्रशंसा की और युवाओं को पार्टी और प्रदेश का भविष्य बताते हुए मजबूती से कार्य करने की अपील की। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विशाल चौधरी ने अल्पसंख्यकों से पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि पार्टी हसनपुर में बहुत मजबूत है । रालोद के पदाधिकारियों ने जनपद अमरोहा में समन्वय न होने तथा भाजपा द्वारा अपेक्षित सम्मान व सहयोग न मिलने पर भी चिंता जताई और राष्ट्रीय नेतृत्व को इस उपेक्षा व असहयोग से अवगत कराने का निर्णय लिया । बैठक में जयंत चौधरी द्वारा बागपत में राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर एक वरिष्ठ कार्यकर्ता को चुनाव लड़ाने के निर्णय की प्रशंसा की गई और अमरोहा जनपद में पार्टी के किसी वरिष्ठ कार्यकर्ता को कोई बड़ी जिम्मेदारी देने का प्रस्ताव पारित किया गया । कार्यक्रम का संचालन कर रहे युवा रालोद के जिला अध्यक्ष इरकान अली ने आभार व्यक्त किया और पदाधिकारियों को परिचय पत्र व नियुक्ति पत्र वितरित किए । बैठक में मुख्य रूप से निरंजन सिंह, क्रतपाल सिंह, कर्मवीर सिंह, सुरेंद्र ढिल्लों, त्रिवेंद्र चौहान, मोहित त्यागी, चौ.चंद्रपाल सिंह, आजम मेवाती, अजीत सिंह, अंकित प्रजापति, अमित प्रजापति,अनूप अहलावत, हुमायूं चौधरी, इरशाद अली, कासिम अली, अरविंद सिंह, शजारूल हसन,बादशाह बेनीवाल,जावेद आलम,शाहरुख, भूदेव सिंह,चौ. राजेंद्र सिंह, बबलू चौधरी,सुमित चौधरी, कपिल चौधरी, नितिन यादव आदि रालोद पदाधिकारी मौजूद रहे ।

बीएससी में मनी, पायल और स्नेहा रहे सर्वश्रेष्ठ

मनी।

कृष्णा कॉलेज बिजनौर के बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल हुआ घोषित

पायल।

स्नेहा।

बिजनौर

एमजेपी रूहेलखण्ड विवि द्वारा बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोर्मेशन टैक्नोलॉजी, बिजनौर के छात्र एवं छात्राओं का परीक्षाफल घोषित हुआ। विज्ञान विभागाध्यक्षा डा. पूनम गुप्ता ने बताया कि बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मनी चौहान ने 7.48 सीजीपीए प्राप्त कर प्रथम, पायल राजपूत ने 7.35 सीजीपीए प्राप्त कर द्वितीय तथा स्नेहा राजपूत ने 7.20 सीजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्णा कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा अन्य विभागाध्यक्षा डा. शोमा सिंह, डा. पायल राठी, सहायक प्रवक्ता शुभांषी वर्मा, रश्मि वत्सल, संचित, अदीबा, श्वेता टोंक, सलोनी, मानसी, सौम्या आदि ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

बीएससी कंप्यूटर साइंस के छात्रों ने किया नाम रोशन

धामपुर: नहटौर मार्ग स्थित दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के बीएससी कम्प्यूटर साइंस का परीक्षाफल महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा घोषित किया गया। प्रथम वर्ष में छात्रा अनुष्का रूहेला पुत्री उमेश कुमार रूहेला ने 72.44 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, छात्रा गीतिका सैनी पुत्री कमल कुमार सैनी ने 65.55 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, छात्रा दिव्यांशी पुत्री प्रदीप कुमार ने 60.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पाया। द्वितीय वर्ष में छात्रा खूशी राजपूत पुत्री नागेन्द्र कुमार ने 70.89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, छात्रा मनु राजपूत पुत्री सतेन्द्र कुमार ने 69.56 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, छात्रा वर्णिका चैहान पुत्री राजेश कुमार ने 69.11 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पाया। तृतीय वर्ष में छात्रा अक्षरा भारद्वाज पुत्री राजेश शर्मा ने 66.89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, छात्रा वंशिका पुत्री विजय कुमार ने 66.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, छात्र महविश अंजुम पुत्री सरदार अहमद ने 65.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पाया। उधर दिशा इंस्टीट्यूट के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल व अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक गौरव मलिक, विभागाध्यक्ष डा.अश्वनी कुमार,, मधुलिका राजपूत, डा.एकता मलिक, नीशू सिंह, परमजीत कौर, अनमोल कुमार, रश्मि शर्मा आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामना दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा



आपको बड़े दुःखी हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि
हमारे परम प्रिय
श्री जोगिन्द्र सिंह चौहान
पूर्व पार्षद, नगर निगम करनाल
महासचिव, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस सेवादल
शुक्रवार, दिनांक 09 अगस्त, 2024 को अपनी सांसारिक यात्रा
पूर्ण कर प्रभु के चरणों मे विलीन हो गये है।
उनकी आत्मिक शांति के लिए
रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा
रविवार, दिनांक 18 अगस्त, 2024 को
दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक
स्थान
मेहता फार्म, काछवा रोड़, करनाल
शोकाकुल परिवार
सत्यपाल सिंह चौहान (भाई) EX. SARPANCH UCHANA
नरेन्द्र सिंह चौहान (भाई), हरिंदर चौहान (भाई), तरूण चौहान (सुपुत्र)
मोहित चौहान (भतीजा) एंव समस्त चौहान परिवार
M. 98960-08567, 99111-99038, 74192-00048
98130-75677, 97281-12157 94163-63107

जनविरोधी पोर्टलों व परिवार पहचान पत्र के नाम पर जनता को दुखी करने में सरकार कोई कसर नही छोड़ रही : सुमिता सिंह।

हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान को लेकर शिव कॉलोनी मे जनसंपर्क कर बीजेपी सरकार के कारनामों की पोल खोली :सुमिता सिंह।

राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट

हरियाणा। मांगे हिसाब' अभियान के तहत भाजपा के कुशासन, 10 साल की विफलताओं पर घेरते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा बीजेपी सरकारके खिलाफ 15 मुद्दों से जुड़े सवालों की 'चार्ज शीट' लेकर शिव कॉलोनी मे जनसंपर्क कर सुमिता सिंह पूर्व विधायक करनाल ने कहा कि हरियाणा में लोग बदलाव का मन बना चुके है प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लहर चल पड़ी है शिव कॉलोनी में पहुंचने पर शिव कॉलोनी वासियों ने स्वागत किया और आने वाले विधानसभा चुनाव में साथ देने का वादा किया उन्होंने कांग्रेस पार्टी की नीतियों को बताया और लोगों की समस्याओं को जाना और सुझाव एकत्रित किए इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में बीजेपी सरकार ने हर वर्ग पर अत्याचार किया है सुमिता सिंह पूर्व विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार में बैठे लोगों ने न सिर्फ हर वर्ग का अपमान किया है बल्कि प्रदेश को विकास की पटरी से उतार कर बेरोजगारी, महंगाई, अपराध,भ्रष्टाचार और नशें की भेंट चढ़

दिया है बीते 10 वर्षों में इस सरकार ने किसी को नहीं बक्शा। किसान हो या नौजवान, खिलाड़ी हो या स्कूली बच्चे हर किसी को इस सरकार के खिलाफ सड़को पर आना पड़ा बीजेपी सरकार ने हरियाणा को कौशल निगम के जरिए बिना रिजर्वेशन, बिना पेंशन, बिना मेरिट वाली कच्ची नौकरी को राजधानी बना दिया 10 साल में बीजेपी सरकार ने प्रदेश में पक्की सरकारी नौकरी खत्म कर दी आज दो लाख सरकारी पद खाली पड़े है भारत सरकार के आंकड़े बता रहे है कि देश में सबसे ज्यादा नशा सबसे ज्यादा अपराध दर आज हरियाणा में है उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर बुजुर्गों को 6000 पेंशन और कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ दिया जाएगा महंगाई से राहत देने के लिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली और ?500 में रसोई गैस सिलेंडर मुहैया करवाया जाएगा बेरोजगारी पर नकेल कसने के लिए खाली पड़े 2 लाख पदों को भरा जाएगा उन्होंने कहा कि आज प्रॉपर्टी आईडी व पहचान पत्र के नाम पर लोगों को पूरी तरह से परेशान किया जा रहा है कांग्रेस सरकार आने पर जनविरोधी पोर्टलों से मुक्ति दिलाए गे उन्होंने कि आने वाला समय कांग्रेस का है कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकर चलती है इस मौके पर उन्होंने कहा की कांग्रेस का साथ दें और कांग्रेस सरकार आने पर आप सभी की समस्याओं का समाधान किया जायेगा इस अवसर पर चौधरी प्रेम सिंह, सरदार परमजीत सिंह उर्फ. लाड़ी ,सुरिंदर जी,दीपक अत्री,सुभाष नरवाल, दीदार सिंह संधू,गुरप्रीत सिंह, अधिवक्ता जितेंद्र,दविंद्र सिंह,अमित कुमार, जगतार सिंह, भीम सिंह राणा,मान सिंह,जरनैल सिंह, सुभाष शर्मा, अभिमन्यु, आर पी शर्मा इत्यादि माजूद रहे।

फीडबैक जानने के बाद देगी विधानसभा टिकट -कृष्ण बेदी

प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर करवाई जा रही रायशुमारी

राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट

करनाल। 11 अगस्त भाजपा हरियाणा में विधानसभा चुनावों के मध्यनजर पार्टी के कार्यकताओं से विधानसभा में पार्टी प्रत्याशियों को टिकट देने से पूर्व उनका फीडबैक लेने के लिए रायशुमारी करवा रही है। इसमें हर विधानसभा में प्रदेश के बड़े नेताओं की ड्यूटी लगाई गई है. भाजपा अपने कार्यकताओं के मन को टटोलने के लिए यह रायशुमारी करा रही है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने करनाल जिले की पांचों विधानसभा सीटें जिनमें करनाल, घरौंडा, नीलोखेड़ी, असंध एवं इंद्री के वरिष्ठ कार्यकताओं से रायशुमारी के लिए प्रदेश महामंत्री कृष्ण लाल बेदी एवं भिवानी के पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर सिंह धूपड की ड्यूटी लगाई है। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के दिशानिर्देश अनुसार विधानसभा चुनाव में टिकट देने के लिए भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में रायशुमारी की गई जिसमें भाजपा इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप,भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, पूर्व विधायक स बक्शीश सिंह,जिले राम शर्मा , पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मेहता, निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता,मेहर सिंह कलामपुरा,जिला महामंत्री सुनील गोयल जयभगवान सीकरी, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक सहित अन्य कई वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद रहे। विधानसभा चुनाव में टिकटों के दावेदारों को लेकर भारतीय जनता पार्टी अब अपने कार्यकताओं को भरोसे में लेने का काम कर रही है, इसके लिए भाजपा ने प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों से दावेदारों का फीडबैक मंगाया है। इसमें हर विधानसभा में प्रदेश के बड़े नेताओं की ड्यूटी लगाई है। आज भाजपा कार्यालय में हुई इस रायशुमारी में कार्यकताओं को एक पर्ची दी गई जिनको अपनी विधानसभा के तीन दावेदारों का नाम पसंद के मुताबिक लिख कर उनको एक बाक्स में डाला गया जिसमें कार्यकताओं की अधिकतम पसंद के अनुसार शीर्ष नेतृत्व टिकट देकर चुनाव में लडाने का काम करेगा। इस राय शुमारी में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष मंडल पदाधिकारी, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी मोर्चा जिलाध्यक्ष मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश व जिला संयोजक पूर्व विधायक व सांसद, जिला परिषद भाजपा के पार्षद, चेयरमैन, ब्लॉक समिति चेयरमैन वाईस चेयरमैन, मेयर , नगर निगम पार्षद, नगर पालिका व जिला परिषद के चेयरमैन ,वाईस चेयरमैन , निवर्तमान जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष , सरकारी बोर्डों व निगमों के चेयरमैन व डिप्टी चेयरमैन की राय ली गई।

महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस के बलिदान दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

रक्तदाताओं को पौधा और भगत सिंह की फोटो देकर किया सम्मानित

>> युवा रक्तदान करें और नशे से बचें- डॉ. अशोक कुमार

राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट

करनाल। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय स्वाधीनता के लिये मात्र 18 वर्ष की आयु में फांसी पर चढ़कर बलिदान देने वाले महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस के बलिदान दिवस पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भैणी खुर्द में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर ग्राम पंचायत और समाजसेवी पवन वाल्मीकि की अध्यक्षता में हुआ। शिविर के संचालन में बलवान फौजी और पूर्व पंचायत सदस्य सोनू का विशेष योगदान रहा। शिविर के संयोजक राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, शतकवीर राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा रहे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान के साथ साथ जीवनदान भी है। युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए और रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में सहभागिता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस का बलिदान दिवस है जिन्हें 1908 में 11 अगस्त को ही फांसी दी गई थी। बालक खुदीराम के मन में देश को स्वतंत्र कराने की ऐसी लगन लगी कि नौवीं कक्षा के बाद ही पढ़ाई छोड़ कर स्वदेशी आन्दोलन में कूद पड़े। उन्होंने भारत पर अत्याचारी सत्ता चलाने वाले ब्रिटिश साम्राज्य को ध्वस्त करने के संकल्प में अलौकिक धैर्य का परिचय देते हुए पहला बम फेंका और मात्र 19 वें वर्ष में हाथ में भगवद्गीता लेकर हँसते-हँसते फाँसी के फंदे पर चढ़कर इतिहास रच दिया। विक्रम राणा पार्षद वार्ड 6 और पूर्व पंचायत सदस्य सतबीर सिंह शिविर में मुख्य रूप से पधारे हुए थे। मुख्य अतिथि विक्रम राणा ने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। शिविर अध्यक्ष समाजसेवी पवन वाल्मीकि एवं अतिथियों ने रक्तदाताओं को भगत सिंह की फोटो और एक पौधा देकर सम्मानित किया। नागरिक अस्पताल करनाल के क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉक्टर संजय वर्मा की अध्यक्षता में रक्त संग्रहण हुआ। शिविर में इन्होंने किया रक्तदान-समाजसेवी बाल्मकि, सतबीर, विकास, अशोक कुमार, सुशील कुमार, कपिल देव, कुलदीप सिंह, सतबीर सिंह, संदीप कुमार, बालकिशन, दीपक, सुशांत चौहान, नरेश कुमार, सुनील कुमार, सावन, रविन्द्र पाल, विजय कुमार, रोहित, सुरजीत सिंह, नरेंद्र, बृजेश कुमार, अरुण, रोहित सहित 27 युवाओं ने रक्तदान किया।

प्रजापति समाज ने मांगा मालिकाना हक

राज्य स्तरीय रोष मार्च निकाल सीएम के नाम सोंपां ज्ञापन

राजेंद्र करनाल। की रिपोर्ट

करनाल। पुरे हरियाणा का प्रजापति (कुम्हार) समाज आज जसबीर भुना रिशी हाबडी राजकुमार रसुलपुर अनील हाबडी रिटायर्ड बीडीपीओ बलबीर सिंह एवं शिव कुमार रंगीला के नेतृत्व में करनाल के करण पार्क में एकत्रित हुआ व सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। प्रजापति समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि प्रजापति समाज वर्षों से बर्तन बनाने व ईंट भठ्ठे का काम करता आ रहा है जिसके लिए हर गांव एंव शहरों में उसको आवे एवं पजावे की जमीन मिली हुई है। बंदोबस्त के समय किसानों को तो उनकी जमीन का मालिकाना हक दे दिया गया है परंतु प्रजापति समाज को आज तक भी आवे पजावे की जमीन का मालिकाना हक नही दिया गया है जिसकी वजह से आवे पजावे की जगहों पर गांव गांव में दबंग लोगों द्वारा कब्जे कर लिए गए हैं और प्रजापति समाज हर गांव में कोर्ट-कचहरी में धक्के खाने को मजबूर है।

प्रजापति समाज ने अपनी इस जायज मांग को अब तक की सभी सरकारों के सामने उठाया है और वर्तमान सरकार ने सत्ता में आने से पहले अपने 2014 के घोषणा पत्र में भी प्रजापति समाज की जायज मांग को उठाया था। लेकिन लगभग 10 वर्ष और दो कार्यकाल पूर्ण होने को है लेकिन सरकार ने प्रजापति समाज की इस मांग को आजतक पूरा नही किया है। अगर अब भी सरकार प्रजापति समाज की इस मांग को पूरा नही करती है तो आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रजापति समाज उसी राजनीतिक दल का साथ देगा जो समाज की इस मांग को पुरा करेगा। प्रजापति समाज करण पार्क से रोष मार्च निकालते हुए सीएम आवास का घेराव करने के लिए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर चौक से राम नगर सीएम आवास की तरफ जा रहा था जहां ठंडी सड़क पर ही नायब तहसीलदार साहब ने उनका ज्ञापन लिया और समाज को आश्वस्त किया कि उनकी इस जायज मांग को आज ही वो सीएम साहब के पास भेज देंगे और बहुत जल्द उनके एक दल की सीएम साहब से मिटिंग करवाई जाएगी। इस अवसर पर पुरे हरियाणा से प्रजापति समाज के लगभग 5000 लोग करनाल में एकत्रित हुए जिनमें मुख्य रूप से सुरेश अनील प्रवीण शिव लाल सरवारा सतीश सरोहा नाथी राम पूर्व एसडीओ कैथल राजबीर आर्य सफींदो सतीश प्रजापति रोहतक केशु प्रधान काहनोर प्रभु दयाल सोनीपत बलवान झज्जर सत्यनारायण केहर सिंह यमुना नगर दर्शन लाल कुरुक्षेत्र राम सिंह अम्बाला विर सिंह यमुना नगर महेंद्र सिंह सफींदो जय भगवान जयसिंहपुर पूर्ण प्रजापति पटियाला बलविंदर सिंह संगरूर मनोज किठाना, जगदीश ककराली, रविंद्र सोनीपत रमेश उपलाना, महेंद्र पिलुखेडा, वेद प्रकाश मुनक, कृष्ण लाल स्टोंडी आदि लगभग 5000 लोग मोजूद रहे।

हरियाणा प्रदेश में बढ़ती महंगाई से आम जनता बड़ी परेशान: एडवोकेट सुरेश चौधरी

राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट

करनाल। एडवोकेट सुरेश चौधरी ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश में बढ़ती महंगाई से आम जनता बड़ी परेशान है सब्जी के दाम बढ़ रहे हैं हर दुकानदार मनमानी कर रहा है और वो सामान के दाम बढ़ा रहा है सरकार का इस पर कोई अंकुश नहीं हैवहीं मजदूर आदमी में बढ़ती महंगाई से हरियाणा में चारों तरफ तेरा ही मची है ऐसे में लोगों को अब कांग्रेस के हाथ मजबूत करने होंगे ताकि देश में आपसी भाईचारा और सौहार्द बना सके उन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रति जागरूकता लाते हुए जिला अध्यक्ष सुरेश चौधरी एडवोकेट

जिला अध्यक्ष द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई ,, घोषणा के बाद सभी अधिवक्ताओं का जोरदार स्वागत किया गया, साथ ही उन्होंने बताया सभी अधिवक्ताओं को जिला बार एसोसिएशन सभागार में शपथ दिलाई गई । कमेटी के चेयरमैन के सी भाटिया चंडीगढ़ लीगल सेल एंड ह्यूमन डिपार्टमेंट अनुसार श्री सुरेश चौधरी एडवोकेट द्वारा नवगठित अधिवक्ताओं को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित एवम फूल मालाओं से स्वागत हुआ ,, एडवोकेट सुरेश चौधरी ने कहा प्रदेश अध्यक्ष उदयभान एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा उच्च कोटि के ईमानदार नेता है वह जनता से जो वादे करते हैं उनको हमेशा पूरा किया जाता है नवगठित बैठक में राजेंद्र कल्याण, के के देशवाल, अधिवक्ता जसवंत चौधरी, बृज शर्मा एडवोकेट, देवेंद्र चौधरी ,एडवोकेट नरेंद्र चौधरी, सीनियर एडवोकेट वीरेंद्र सिंह , सरदार अजयनत सिंह एडवोकेट, अनिल मलिक एडवोकेट, गौड साहब एडवोकेट, मान साहब, वाई, पी अरोड़ा, अशोक जैन, कुलदीप कुमार , उपस्थित थे।

सुरेश खन्ना का एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने पर भव्य स्वागत किया गया

राजेंद्र करनाल। की रिपोर्ट

करनाल। कांग्रेस पार्टी के नेता सुरेश खन्ना का एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने पर भव्य स्वागत किया गया तथा पंजाबी समाज की एकता और अखंडता के साथ कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया गया ज्ञात हो कि सुरेश खन्ना काफी लंबे समय से हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी लीगल ह्यूमन राइट्स एवम आरटीआई डिपार्मेंट के अध्यक्ष के सी भाटिया द्वारा करनाल जिले में नवगठित नियुक्त श्री एस के चौधरी को चेयरमैन बनाए जाने के बाद करनाल जिले में नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें अधिवक्ताओं को लीगल ह्यूमन राइट्स एंड आरटीआई डिपार्टमेंट, डीसीसी संबंध में लीगल ह्यूमन राइट्स एंड आरटीआई डिपार्टमेंट की जानकारी देकर उन्हें पार्टी की

नीतियों से जोड़ा गया इस दौरान करनाल बार एसोसिएशन में नई कमेटी का गठन भी किया गया जिसमें, एसके चौधरी अध्यक्ष करनाल,, अशोक जैन एडवोकेट वाइस चेयरमैन, अजय सिंह वाइस चेयरमैन, बृजभूषण शर्मा अधिवक्ता डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ,अनिल मलिक अधिवक्ता, कुलदीप सिंह एडवोकेट, सीमा भाटिया अधिवक्ता, जसवंत सिंह चौधरी, चयन वीर मदान , देवेंद्र चौधरी अधिवक्ता, दीपक भट्ट अधिवक्ता, लाल सिंह लौट अधिवक्ता, महेंद्र सिंह संधू अधिवक्ता, गुरु चरण सिंह अरोड़ा अधिवक्ता, महेंद्र दत्त अधिवक्ता, मोहम्मद रफीक अधिवक्ता, महेंद्र मान अधिवक्ता, कुलदीप सिंह अधिवक्ता, अरुण अधिवक्ता, रणधीर अधिवक्ता, शिव कुमार कादियान, सुरजन सिंह पाल ऐडवोकेट आदि को कांग्रेस पार्टी लीगल ह्यूमन राइट्स की विशेष जिम्मेदारी से एसके चौधरी द्वारा सम्मानित किया गया।

अनंतनाग में जारी मुठभेड़...

अहलान इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है।

एक अधिकारी ने बताया, 'पुलिस और सुरक्षा बलों की एक टीम ने एक विशेष इनपुट पर अहलान में घेराबंदी व तलाशी अभियान शुरू किया।' उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इससे मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारी ने बताया, इलाके में अभी भी गोलीबारी जारी है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए सुरक्षा बल आतंकवादियों, उनके समर्थकों और उन्हें पनाह देने वालों को निशाना बना रहे हैं।

कठुआ पुलिस ने 4 आतंकियों...

विश्वसनीय जानकारी प्रदान करने वाले व्यक्तियों को भी उचित पुरस्कार दिया जाएगा।

जिला पुलिस कठुआ ने आम जनता से इन आतंकवादियों के ठिकाने के बारे में जानकारी प्रदान करने का आग्रह किया। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी ताकि अधिक से अधिक लोग पुलिस की सहायता के लिए आगे आए क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संभावित खतरों को रोकने में जनता की मदद महत्वपूर्ण है। पुलिस द्वारा बताया गया है यदि आपके पास कोई जानकारी है, तो कृपया निकटतम पुलिस स्टेशन या डायल 100 या 9858034100 पर संपर्क करें।

केंद्र ने रावी एवं व्यास...

करने के लिए अतिरिक्त समय प्रदान करना आवश्यक समझा। रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समय सीमा में बार-बार विस्तार मौजूदा मुद्दों की जटिलता और अंतर-राज्यीय जल विवादों को हल करने में आ रही चुनौतियों को दर्शाता है। न्यायाधिकरण की रिपोर्ट की समय-सीमा को कई बार बढ़ाया जा चुका है और हाल ही में इसे 5 अगस्त 2024 से बढ़ाकर 2025 कर दिया गया है।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी...

अधिकारी के रूप में नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी है, जो उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से लेकर कैबिनेट सचिव के रूप में कार्य करने तक लागू रहेगा।' गौबा ने 5 साल पहले 30 अगस्त 2019 को कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला था।

उप-राज्यपाल ने रियासी आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिक बस चालक की पत्नी को सौंपा नियुक्ति पत्र

जम्मू,) अगस्त : उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज रियासी आतंकवादी हमले में शहीद हुए विजय कुमार की पत्नी रेणु शर्मा को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपा। रियासी निवासी विजय कुमार तीर्थ यात्रियों को ले जा रही बस चला रहे थे, जिस पर 9 जून को आतंकवादियों ने हमला किया था। उप-राज्यपाल ने शहीद नागरिक के परिवार को जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता और समर्थन का आश्वासन दिया। रियासी के उपायुक्त विशेष पॉल महाजन और विजय कुमार के परिवार के सदस्य भी इस अवसर पर राजभवन में उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब को दी एक और चेतावनी

'एनएचएआई के ठेकेदारों और अफसरों पर हुए हमले में सख्त कार्रवाई न की गई तो पंजाब के हाईवे प्रोजैक्ट हो सकते हैं रद्द'

चंडीगढ़/अमृतसर, अगस्त : केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को पत्र लिखकर उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, जिन्होंने जालंधर और लुधियाना में नैशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के ठेकेदार तथा सरकारी कर्मचारियोंके साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट की। गडकरी ने कहा है कि अगर पंजाब में कानून व्यवस्था न सुधरी तो उन्हें मजबूरन 8 और नैशनल हाईवे प्रोजैक्ट राज्य में रद्द करने पड़ेंगे। इन प्रोजैक्टों की कुल लम्बाई 293 किलोमीटर बनती है और इन पर 14288 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

इससे पहले भी गडकरी पंजाब के 3 प्रोजैक्ट रद्द कर चुके हैं, जिन पर 3263 करोड़ रुपए खर्च आने का अनुमान था। गडकरी ने कहा है कि जल्द से जल्द उन लोगों पर कार्रवाई की जाए, जो नैशनल हाईवे अथॉरिटी के ठेकेदारों और कर्मचारियों पर हमला करने में शामिल हैं। उन्होंने कहा है कि जालंधर में दिल्ली-जम्मू-कटड़ा हाईवे पर जो घटना हुई है उसके संबंध में एफआईआर लिखी जा चुकी है, लेकिन इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है।

पत्र के साथ कुछ फोटो एनएचएआई के कर्मचारियों पर हुए हमले के संबंध में सबूत के तौर पर भेजी

लुधियाना की घटना के संबंध में लिखते हुए उन्होंने कहा कि इस केस में अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई। उन्होंने कहा है कि यदि हालात न सुधरे तो उन्हें मजबूरन पंजाब में निर्माणाधीन कई हाईवे प्रोजैक्टों को रद्द करना पड़ेगा।

'भू अधिग्रहण का काम भी अधूरा'

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा है कि कुछ दिन पहले पंजाब के अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी, जिसमें उन्होंने हाईवे के संबंध में जमीन प्राप्त करने का आश्वासन केंद्र सरकार को दिया था, लेकिन अभी तक यह वादा पूरा नहीं किया गया, जिस कारण कई जगह हाईवे का काम रुका हुआ है। उन्होंने कहा कि यह ग्रीन फील्ड प्रोजैक्ट हैं और अगर एक भी काम रुक गया तो उसके साथ सारा प्रोजैक्ट ही रोकना पड़ेगा। गडकरी ने अपने पत्र के साथ पंजाब सरकार को कुछ फोटो नैशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के कर्मचारियों पर हुए हमले के संबंध में सबूत के तौर पर भेजी हैं।

सुक्खू सरकार के साहसिक फैसलों से आर्थिकी को मिलेगा संबल

अर्थव्यवस्था के मजबूत होने से कम होगा कर्ज का बोझ

विकास कार्यों के लिए केंद्र पर प्रदेश की निर्भरता भी होगी कम

रियायतों की रेवड़ियां बांटने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा बोझ

शिमला, अगस्त : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के साहसिक फैसलों से हिमाचल की आर्थिकी को संबल मिलने की उम्मीद है। अर्थव्यवस्था मजबूत होने से कर्ज का बोझ कम होगा, विकास कार्यों के लिए केंद्र पर निर्भरता कम होगी।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था की सच्चाई राजनेताओं, अफसरशाही व प्रदेश के बुद्धिजीवी वर्ग से छिपी नहीं है। करीब 85 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज प्रदेश पर है। चालू वित्त वर्ष के अंत तक कर्ज 90 हजार करोड़ होगा। कर्ज लेने की मौजूदा रफ्तार के जारी रहने की स्थिति में आगामी 5 सालों में प्रदेश करीब सवा लाख करोड़ के कर्ज के बोझ तले दबा होगा। इसके अलावा कर्ज पर ब्याज के भुगतान के लिए भी सरकार को 25 हजार करोड़ की दरकार 5 सालों में होगी। वेतन व पेंशन पर बढ़ते खर्च के साथ-साथ सरकार हर साल करोड़ों की रियायतें प्रदेश के आम जन को दे रही है। आमजन को रियायतें देने के खिलाफ कोई नहीं, मगर भुगतान की क्षमता रखने वाले समाज के वर्ग को रियायतें देने की रवायत राजनेताओं ने सत्ता की दहलीज लांघने की लिए शुरू की। पहले पहल बेशक यह अच्छा लगा हो, मगर इसके दूरगामी परिणाम अब सामने आने लगे हैं। वोट बैंक की खातिर पहले दैनिक भोगी, फिर तदर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के साथ-साथ मेरिट के बगैर हजारों शिक्षकों व अन्य वर्गों के कर्मचारियों की भर्ती का बोझ अब अर्थव्यवस्था पर पड़ता प्रतीत हो रहा है। आलम यह है कि सरकार के पास कर्मचारियों को समय पर डीए व वेतन आयोग की सिफारिशों के तहत संशोधित वेतन का एरियर देने के लिए रकम नहीं। ऊपर से रियायतों का बोझ राजनीतिक दलों ने खजाने पर डाला है। आलम यह है कि चालू साल में सरकार उपदानों पर 1189 करोड़ खर्च कर रही है। आगामी साल में उपदान पर खर्च 1250 करोड़ होने का अनुमान है। वेतन व अवेतन पर चालू साल में सहायता अनुदान पर 50 हजार करोड़ से अधिक खर्च होगा।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के पास प्रदेश का वित्त महकमा भी है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के मकसद से उन्होंने वाटर सेस लगाने का साहस जुटाया, 125 यूनिट मुफ्त बिजली का दायरा कम किया, ग्रामीण इलाकों में मुफ्त पेयजल वितरण पर रोक के साथ-साथ पुलिस कर्मियों को रियायती यात्रा सुविधा में कटौती की, हिमकेयर का दायरा सीमित किया, शानन प्रोजेक्ट को वापस लेने का प्रयास सरकार कर रही है। बीबीएमबी में हिस्सेदारी की रकम लेने की कोशिश सुक्खू सरकार कर रही है। महिलाओं को यात्रा में 50 की जगह 25 फीसद तक रियायत करने की योजना है। सरकार के इन तमाम प्रयासों से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सरकार के इन फैसलों में से कुछेक कड़वे प्रतीत हो रहे हैं, मगर अर्थव्यवस्था को मामूली का संबल मिलने की स्थिति में फैसलों का स्वाद अच्छा लगने लगेगा। तमाम साहसिक प्रयासों के बीच सरकार को अफसरशाही पर नकेल कसने के लिए भी कारगर प्रयास करने होंगे। इसकी वजह सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का अहम जिम्मा अफसरशाही पर होना है।

CMYK

संक्षिप्त समाचार

कार की टक्कर लगने से मोटर साइकिल सवार गम्भीर रूप से घायल

जालौन-उरई। बंगरा मार्ग सुद्वार के पास तेज रफ्तार टाटा सफारी कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे मेडीकल कालेज रिफर किया गया है। शनिवार को अपरान्ह बंगरा मार्ग पर छैपुला के आगे फार्म हाउस के पास तेज रफ्तार टाटा सफारी कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण बाइक सवार विजय श्रीवास्तव 28 वर्ष पुत्र अरुण कुमार निवासी कुसमरा गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं। मौके से निकल रहे उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने घायल बाइक सवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। हालत गम्भीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रिफर कर दिया है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी है।

रंजिश के चलते दंपति ने महिला के साथ मारपीट की

जालौन-उरई। रंजिश के चलते दंपति ने महिला के साथ गाली, गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाहगंज निवासी सबीना पत्नी भूरे खां ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के ही अभिलाख व उनकी पत्नी परवीन उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते आए दिन उसके साथ झगड़ा करते रहते हैं। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि शनिवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी। तभी उक्त अभिलाख आए और गाली, गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो उन्होंने पत्नी को लाठी, डंडे लेकर बुला लिया। दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें भी आई हैं। उसे पिटता देख जब आसपास के लोग बचाने के लिए आए तो वह उतावलेपन में आकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मां बेटे के साथ ससुराल के लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

जालौन-उरई। बहिन की ससुराल आए मां बेटे के साथ ससुराल के लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी इसरार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह अपनी मां मुन्नी के साथ बहिन जैनब की मोहल्ला जोशियाना स्थित ससुराल आया था। बहिन की ससुराल पहुंचने पर वहां ससुरालियों ने झगड़ा शुरू कर दिया। इसी दौरान ससुर नासिर, सास मुन्नी बेगम, ननद रूबी व इकरार ने गाली, गलौज शुरू कर दी। जब गाली देने से मना किया तो उन्होंने लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में मां को चोटें आई हैं। जब उन्हें पिटता हुआ आसपास के लोगों ने देखा तो उन्हें बचाने के लिए आए। जिसके बाद उन्होंने जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर में दूसरी बार ठड़ेश्वरी कांवड़ यात्रा का हुआ आयोजन

जालौन-उरई। आगामी 12 अगस्त को सावन के चौथे सोमवार को नगर में दूसरी बार ठड़ेश्वरी कांवड़ यात्रा का आयोजन होगा। जिसमें महाकाल के भक्त सुबह आठ बजे उरई रोड पेट्रोल टैंक स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर से जल लेंगे। जल लेकर नगर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन होगा। जो नगर के विभिन्न मंदिरों और मार्गों से होकर मोहल्ला चुर्खीबाल में श्रीमहाकालेश्वर महादेव कककयाजी के मंदिर पर पहुंचेंगे। मंदिर पर पहुंचकर भक्तों द्वारा भगवान शंकर का अभिषेक किया जाएगा। यह जानकारी आयोजक उमेश गुप्ता ने दी है।

लूट की योजना बनाते अन्तर्राज्यीय 4 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, गोली लगने से एक घायल

लूट के माल सहित अवैध असलहा, बुलेरो व बाइक बरामद

■ उरई

कोतवाली कालपी व थाना आटा पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय 4 शातिर अभियुक्तों को लूट की योजना बनाते समय मगरौल रोड के जोधर नाला के पास पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिसमें एक अभियुक्त गोली लगने से घायल हुआ, अभियुक्तों के कब्जे से अवैध असलहा ,खोखा व ज़िंदा कारतूस, एवं मु0अ0स0 177/2024 धारा 309(4) बीएनएस से सबंधित 32,500/- रूपये नगद , पीली व सफेद धातु के जेवरात, व चोरी की 01 अदद बोलेरो व 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद। सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक डा

दुर्गेश कुमार द्वारा बताया गया कि विगत 1 अगस्त को कालपी में सराफा व्यवसाई विश्व नाथ गुप्ता से 50 हजार की नकदी व जेवरात की लूट हुई थी, जिस के अनावरण के लिये कई टीमें गठित की गयी, आज जब कालपी पुलिस अपराधियों की धरपक के लिये अभियान चला रहीं थी, तभी पुलिस को लूट की योजना बना रहें चार शातिर बदमाशों के उपस्थिति होने की सूचना मिली, जिस पर तत्काल कालपी व आटा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे, तथा बदमाशों को घेर कर जब पकड़ने की कोशिश की तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की जबाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया, तथा पुलिस की सक्रियता से सभी चार बदमाश पकड़े गये। गिरफ्तार बदमाशों के नाम मोनू परिहार, सोनू परिहार, निवासी सोहर पुर चुरखी ,राजू परिहार पुत्र श्रवण परिहार किरत पुर कालपी, दीपक चकिया नादेड महा राष्ट्र बताये गये हैं।

बेतिया में दो दिनों के अंदर दो पूर्व मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई इतना ही नहीं लगातार हत्याओं का सिलसिला - एमपी जयसवाल

पश्चिम चंपारण। बेतिया में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पश्चिम चंपारण के सांसद एवं प्रदेश के पूर्व भाजपा अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने कहा है कि पश्चिमी चंपारण में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद है कि दो दिनों के अंदर दो पूर्व मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई इतना ही नहीं लगातार हत्याओं का सिलसिला जारी है और पुलिस अपराधियों के समक्ष बौना साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि बैरिया थाना क्षेत्र से होकर प्रतिदिन करीब 2000 कार्टून विदेशी शराब ले जा रहे हैं इस मामले में पुलिस की मिली भगत से इनकार नहीं किया जा सकता एमपी जयसवाल ने कहा कि पश्चिम चंपारण में पुलिस अपराधी गठजोड़ कायम है और पूरी तरह से जिले में पुलिस प्रशासन विफल साबित हो रही है। पुलिस अपराधी घर जोड़ में जिले के कुछ सफेद पोस्ट लोग भी शामिल हैं जिसकी जिसकी जांच होनी चाहिए। इस मौके पर नूतन के विधायक नारायण प्रसाद, चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष रूपक लाल श्रीवास्तव, आनंद सिंह, रवि सिंह आदि भाजपा नेता उपस्थित थे।

कार ने बाइक में मारी टक्कर, भाई की मौत, बहन घायल

■ जालौन-उरई

औरैया मार्ग पर मड़ोरी के पास कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण भाई की मौत हो गई जबकि वहिन गम्भीर रूप से घायल हो गयी। सी ओ व एस डी एम ने मौके पर पहुंच परिजनों की सांत्वना दी तथा विधिक कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

कोतवाली उरई क्षेत्र के मोहल्ला बघौरा निवासी अंशु विश्वकर्मा 28 वर्ष पुत्र अशोक अपनी बड़ी बहिन वंदना 32 वर्ष पत्नी देवराज निवासी नकसिया कानपुर देहात को ले कर अपने गांव जीतामऊ थाना सिरसाकलार जा रहे थे। सुबह करीब पौने 12 बजे जब उनकी बाइक औरैया मार्ग मड़ोरी के पास पहुंची तो तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण मोटरसाइकिल सवार भाई बहिन सड़क पर उछल कर गिर गये। सड़क पर गिरते ही भाई अंशु की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठी बहिन वंदना गम्भीर रूप से घायल हो गयी। राहगीरों की मदद से दोनों लोगों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां पर चिकित्सक ने अंशु को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं गम्भीर रूप घायल बहिन को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च संस्थान के लिए रिफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कुमार पटेल, सी ओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई मौके पर पहुंच गये तथा सड़क पर लग रही भीड़ को हटवाया तथा परिजनों को घटना के बाद सांत्वना दी। कोतवाली पुलिस ने मृतक अंशु के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाकर चालक व परिचालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार आज मॉर्निंग स्टार एकेडमी स्कूल करमेर रोड उरई में सड़क सुरक्षा संबंधी शिविर, चालकों/परिचालकों के स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाकर चालक/परिचालकों को स?क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। उक्त शिविर में आस-पास के स्कूलों के चालक/परिचालकों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। उपस्थित समस्त चालक/परिचालक के नेत्र परीक्षण व मधुमेह की जाँच डा0 ताहिर खान, रामेन्द्र सिंह गुर्जर, संजय कुमार द्वारा की गयी। उक्त कार्यक्रम में मॉर्निग स्टार एकेडमी स्कूल के प्रधानाचार्य रजनीश सिंह एवम् समाज सेवी अलीम सर की अहम भूमिका रही।

राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल व विनय कुमार पाण्डेय, यात्री/मालकर अधिकारी द्वारा 43 स्कूली वाहनों को चेक किया गया व 12 वाहनों के विरुद्ध विभिन्न अभियोगों में चालान/निरुद्ध की कार्यवाही की गयी। शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं व समस्त लोगों को सुरक्षित परिवहन के बारे में जागरुक किया गया तथा आमजन से अपील की गयी कि वे हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलायें व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, दुर्घटना में घायलों की सहायता करें, क्षमता से अधिक माल व सवारी न ढोयें, नशे की हालत में वाहन न चलायें व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, क्षमता से अधिक माल व सवारी न ढोयें। विनय कुमार पाण्डेय, यात्री/मालकर अधिकारी द्वारा बताया गया कि वाहनों को अपनी लाइन पर संचालित करने तथा वाहन को रोकते समय साइड इण्डीकेटर का प्रयोग कर सुरक्षित स्थान पर यात्रियों को उतारने अनाधिकृत ढावों पर वाहन को खडी न करने, यात्रियों को असुबिधा न हो ध्यान में रखकर यात्री उतारे जायें। अन्त में उपस्थित सभी जनों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई।

कालपी में 6 तथा कदौरा में 7 शिकायत आयी समाधान दिवस में

■ कालपी-उरई

शनिवार को कालपी मे आयोजित थाना समाधान दिवस में 6 मामले प्रस्तुत किए गए जबकि कदौरा में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के समक्ष 7 प्रकरण दर्ज किये गये है।

कोतवाली कालपी के सभागार राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में समाधान दिवस आयोजित किया गया।जिसमें आधा दर्जन फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को सुना कर निस्तारण किए जाने की मांग की मौके में दो शिकायतों का निस्तारण किया गया।

शनिवार के दिन कोतवाली कालपी के अतिथि ग्रह में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों में नगर के मोहल्ला आलमपुर निवासी

पंडित संतोष ने शिकायत प्रस्तुत करके अवगत कराया कि मेरी पत्नी मुझे आए दिन उत्पीड़न करती है उक्त उत्पीड़न को रोकने तथा पत्नी पर कार्यवाही करने की मांग की नगर के मोहल्ला मिर्जा मंडी निवासी आलमगीर पुत्र बाबू खान ने शिकायत प्रस्तुत करके अवगत कराया कि मैंने अपने भांजे निजामुद्दीन को 5 लाख रुपए दिए थे अब वह रुपए मांगने पर नहीं दे रहा है रुपए दिलाए जाने की मांग की कालपी नगर निवासी आशुतोष ने शिकायत प्रस्तुत करके अवगत कराया कि विपक्षी मेरी आराजी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए हैं आदि फरियादियों ने 6 शिकायतें प्रस्तुत कर निस्तारण किए जाने की पुरजोर गुहार लगाई मौके में पालिका के आर आई राम भवन सिंह राजस्व निरीक्षक रामराज सिंह राजपूत सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह लेखपालों में राहुल कुमार सुमित यादव आकाश सैनी विभा प्रियंका सिंह चौहान रवि कुमार संजय प्रशांत गौतम जितेंद्र वर्मा पल्लवी श्रीवास्तव समेत उपस्थित थे।

आटा समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप थाना समाधान दिवस आटा में आये फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए प्राप्त शिकायतों को समयबद्धि के अन्तर्गत निस्तारण के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायत प्रार्थना पत्र को गुणवत्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर निस्तारण किया जाये, जिससे फरियादियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवाद शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उक्त शिकायतों को समयबधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने कहा कि थाना दिवस में छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करा जाये तथा उनका समयसीमा के अन्तर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न की जाये। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा छोटी से छोटी शिकायत का गम्भीरता से लेते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

आईजीआरएस की शिकायतों के बेहतर निस्तारण के लिए पुलिसकर्मी सम्मानित

■ कानपुर

शनिवार को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा आईजीआरएस का कार्य थाने/जोन स्तर पर देख रहे अधि0/कर्मचारी गणों की पुलिस उपायुक्त पूर्वी कार्यालय में मीटिंग ली गई व जुलाई माह में पूर्वी जोन के सभी थानों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसकी प्रशंसा में पुलिस आयुक्त द्वारा सभी अधिकारी व कर्मचारीगणों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया व शासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो के संबंध मे अवगत कराया गया। सभी अधिकारी और कर्मचारियों को उनकी मेहनत और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा की गई। यह उनकी निष्ठा और समर्पण का परिणाम है जिससे पूर्वी जोन के सभी थानों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यह पुरस्कार उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को पहचानने और उन्हें और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिया गया।डीसीपी पूर्वी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करते रहने का प्रोत्साहन दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर उत्कृष्टता बनाए रखना आवश्यक है। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने टीम वर्क की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही ऐसे सफल परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने यह भी कहा कि आईजीआरएस कार्य की नियमित समीक्षा और सुधार पर ध्यान देना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की कमी को दूर किया जा सके।

सुधारात्मक कदम हर बार बार आने वाली शिकायतों की मूल कारणों की पहचान कर उनके समाधान के लिए सुधारात्मक कदम उठाए जाए।

युवती को भगा ले जाने पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

■ कोंच

युवती को भगा कर ले जाने के मामले में नदीगाँव पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार नदीगाँव थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 8 अगस्त की शाम विपिन पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम गोरन थाना डकोर उसकी 20 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया। खोजबीन करने पर भी अब तक बेटी का कहीं कोई पता नहीं चल सका है। उक्त मामले में नदीगाँव थाना पुलिस ने आरोपी विपिन के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत मामला दर्ज कर युवती की तलाश तेज कर दी है।

क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहते है भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी

कानपुर। प्रतिदिन दो घंटे जनता की बात सुनने,विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर क्षेत्र में आए दिन भ्रमण, विधानसभा क्षेत्र की जनता के निजी सुख दुख में सदैव हाजिर , क्षेत्र के विकास के लिए योजना तैयार करने व योजनाओं को मूर्तरूप देने के लिए नगर के अधिकारियों से विचार-विमर्श, वजट की समस्या को हल करने के लिए लखनऊ शासन तक की दौड़, आदि से जनता के बीच लोकप्रियता में नं 1 पायदान पर पहुंच चुके गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी आज अपने विधानसभा क्षेत्र ही नहीं पूरे नगर की जनता के बीच पहचान के मोहताज नहीं।

भाकियू की मासिक पंचायत का आयोजन

किसानों ने समस्याओ से संबंधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपा

■ कोंच

भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गल्ला मंडी में चित्तर सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई जिसमें उपस्थित किसानों ने अपनी अपनी समस्यायें रखीं। पंचायत के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सामने आयी समस्याओं के निराकरण की मांग की।

नायब तहसीलदार जितेन्द्र सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा कि नदीगाँव विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवनी बुजुर्ग में अभी तक गौशाला नहीं बनाई गयी है जिससे अन्ना मवेशी खेतों में फसलें चट कर रहे हैं। समस्या को देखते हुए गाँव में शीघ्र ही गौशाला बनाई जाये। इसके अलावा ग्राम बरहा, शिवनी, तजपुरा, धनौरी आदि मौजों में जलभराव से करीब 300 एकड़ की जमीन पर बुआई नहीं हो पा रही है इसलिए नाले की खुदाई के बाद सफ़ाई कार्य कराया जाये। ग्राम ताहरपुरा में टूटी पड़ी नाले की पुलिया का निर्माण कार्य नहर विभाग से कराये जाने, गरीब किसानों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम क्योलारी में नाले के बहाव से सीसी रोड कट जाने के चलते सीसी रोड नया बनाये जाने, सूख रहीं फसलों को बचाने के लिए निजी नलकूपों हेतु 22 घंटे बिजली देने, ग्राम कैथी और बदउवां में गौशाला के अंदर आवारा मवेशियों को बंद किए जाने की माग प्रमुख रूप से की गयी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ केदारनाथ सिमरिया, तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल, महासचिव डॉ पीडी निरंजन, राजकुमार बरहा, वीरेंद्र अंडा, प्रमोद पड़री आदि किसान मौजूद रहे।

सार संक्षेप

साजन जैसी रोमांटिक फिल्मों में काम करना चाहते हैं संजय दत्त

मुंबई: बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त साजन जैसी रोमांटिक फिल्मों में काम करना चाहते हैं। बॉलीवुड में संजय दत्त की छवि एक्शन हीरो की रही है। संजय दत्त ने वर्ष 1991 में प्रदर्शित सुपरहिट रोमांटिक फिल्म साजन में माधुरी दीक्षित और सलमान खान के साथ काम किया है। हाल के वर्षो में संजय दत्त ने 'अग्निपथ', 'केजीएफ2' और 'लियो' जैसी फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभायी, जिसे दर्शकों ने पसंद किया।संजय दत्त अब रोमांटिक फिल्में करना चाहते हैं। संजय दत्त ने कहा है कि 'साजन' जैसी रोमांटिक फिल्में करना चाहते हैं। संजय दत्त ने कहा, यदि मुझे कोई अच्छी फिल्म में काम करने का प्रस्ताव मिलता है तो तो रोमांस करना चाहूंगा। हमारी जेनरेशन मास के लिए काम करती थी, तो हम मास हीरोज हैं। मैंने एक बार 'साजन' की थी।वह एक अच्छी फिल्म थी जिसमें अच्छे गाने थे। मैं एक और 'साजन' कर सकता हूं। मुझे नेगेटिव रोल पसंद आ रहे हैं क्योंकि इनमें ढ़ेर सारा एक्शन करने का मौका मिल रहा है।'नेगेटिव एक अच्छा स्पेस है, इसमें आदमी बहुत कुछ कर सकता है। मुझे खूब एक्शन करने को मिलता है।

एक ही परिवार के तीन लोगों की गला रेतकर हत्या, एक घायल

बेगूसराय: बिहार में बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक ही परिवार के तीन लोगों की गला रेतकर हत्या कर दी तथा एक अन्य को घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि चिरंजीवीपुर गांव के वार्ड नंबर-12 ठठ्ठा रसीदपुर में अपराधियों ने शुक्रवार की देर रात संजीवन महतो(40), उसकी पत्नी संजीता देवी और बेटी सपना कुमारी (10) की गला रेतकर हत्या कर दी तथा पुत्र अंकुश कुमार को घायल कर दिया। सूत्रों ने बताया कि घटना के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। घायल अंकुश को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

मशीनी खराबी के बाद ट्रम्प के विमान की अप्रत्याशित लैंडिंग

वाशिंगटन: अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विमान में मशीनी खराबी होने के कारण उसे मोंटाना के बिलिंग्स में अप्रत्याशित लैंडिंग करना पड़ा। यह जानकारी स्थानीय एनबीसी संबद्ध केटीवीएच ने दी। रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रंप का विमान शुक्रवार शाम मोंटाना के बोजमैन में एक अभियान रैली से पहले बिलिंग्स में उतरा। रिपोर्ट में बिलिंग्स हवाई अड्डे पर ट्रम्प के विमान के उतरने का फुटेज शामिल हैं, जो बोज़मैन से लगभग 140 मील दूर है। रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रम्प के एक अलग विमान से बोज़मैन के लिए उड़ान भरने की उम्मीद है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि वह मोंटाना में उतरे, राज्य को वास्तव में एक सुंदर जगह कहा, लेकिन बिलिंग्स में अप्रत्याशित लैंडिंग का उल्लेख नहीं किया।

करौली में भारी बारिश से हुआ जनजीवन अस्त-व्यस्त

भरतपुर: राजस्थान में करौली जिले के हिण्डौन सिटी क्षेत्र में तीन घंटे से झमाझम तीन इंच से अधिक बारिश से शहर सहित क्षेत्र में जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी बारिश से पूरा शहर पानी में डूबा हुआ है। शहर के हरदेव मन्दिर के पास एक मकान के दहलीज का बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिर जाने से मन्दिर के आसपास भगदड़ के हालत बन गए। बारिश से पूरे शहर के जलमग्न हो जाने के बाद निजी स्कूलों ने छुट्टी घोषित की है। शहर के अधिकांश गली मोहल्लों में मकानों व बाजारों की दुकानों में बरसात के पानी के घुस जाने से अफरातफरी के हालात है। हर तरफ पानी ही पानी होने से सड़के जलमग्न है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से मोरसाइकिल पर सवार दो महिलाओं की मौत

श्रीगंगानगर: राजस्थान में अनूपगढ़ जिले के रायसिहनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार दो महिलाओं की मौत हो गयी जबकि एक किशोर घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहित (16) मोटरसाइकिल पर सुबह शांति देवी (65) और मंजू (35) को चक 21-पीएस में मनरेगा कार्य स्थल पर मजदूरी करने के लिये छोड़ने जा रहा था। रायसिहनगर- पदमपुर मार्ग पर चक 21-22-पीएस के बीच गुरुद्वारा के समीप सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली से मोटरसाइकल टकरा गयी। इससे शांति देवी और मंजू दुर्घटना में घायल हो गयी। दोनों को लोगों ने रायसिहनगर के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने श्री हरिमंदर साहिब में टेका माथा

अमृतसर: उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को सचखंड श्री हरिमंदर साहिब में मत्था टेका और अपना सम्मान व्यक्त किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने अपने विचार व्यक्त करते हुये यात्री पुस्तिका में लिखा कि स्वर्ण मंदिर में प्रार्थना करने का सपना सच हो गया है। देश और मानवता की सेवा के लिये यहां प्रार्थना कर पाना एक धन्य क्षण है। इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिह धामी ने उन्हें सचखंड श्री हरमंदिर साहिब का स्वर्णिम मॉडल, सिरोपा (अंगवस्त्र) और ऐतिहासिक पुस्तकों का एक सेट देकर सम्मानित किया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सिखों के खिलाफ किये जा रहे नफरत भरे प्रचार को रोकने के लिये एक मांग पत्र सौंपा।

मुर्मू तिमोर-लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित

● नई दिल्ली,

तिमोर-लेस्ते की राजकीय यात्रा पर गईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को वहां राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया है।

मुर्म को यह पुरस्कार सार्वजनिक सेवा में उनकी उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण तथा महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति समर्पण के लिए दिया गया है। बाद में, दोनों राष्ट्रपतियों ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें आईटी, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य और दवा, कृषि और क्षमता निर्माण पर चर्चा हुई। श्रीमती मुर्मु ने प्रधानमंत्री सानाना गुसमाओ के साथ भी चर्चा की। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता और राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया। यह पुरस्कार सार्वजनिक सेवा में उनकी उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण और महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति समर्पण के लिए है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह सम्मान भारत और तिमोर-लेस्ते के बीच दोस्ती के संबंधों का प्रतिबिंब है। भारत और तिमोर-लेस्ते के बीच दोस्ती की गहराई का प्रतीक। पोस्ट में कहा गया कि मुर्मू और तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति ने दिली के राष्ट्रपति महल में सकारात्मक वार्ता की। चर्चा में आईटी, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य और दवा, कृषि, क्षमता निर्माण सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया।

शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तिमोर-लेस्ते के डिली में राष्ट्रपति निकोलौ लोबेटो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया।

गाजा में इजरायल की एयर स्ट्राइक

स्कूल पर बरसाए बम, 100 फिलिस्तीनियों की हुई मौत

● नई दिल्ली, एजेंसी

गाजा सिटी में शरणार्थी शिविर में तब्दील एक स्कूल पर शनिवार तड़के हुए इजराइल के हवाई हमले में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई है। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच 10 महीने से जारी युद्ध में यह हमला अब तक के भीषण हमलों में से एक है। इजराइली सरकार ने हमले की बात स्वीकार करते हुए दावा किया है कि उसने स्कूल के अंदर स्थित हमास के कमान सेंटर को निशाना बनाया। हालांकि, हमास ने इससे (कमान सेंटर से) इनकार किया है।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मध्य गाजा में तबीन स्कूल पर हुए हमले में 47 लोग घायल भी हुए हैं। स्कूल का इस्तेमाल युद्ध के चलते अपने घरों को छोड़कर भागने को मजबूर हुए लोगों को शरण देने के लिए किया जा रहा था। गाजा सिटी में अल-अहली अस्पताल के निदेशक फदेल नईम ने द्यएसोसिएटेड प्रेसह्न से कहा कि हवाई हमले में मारे गए 70 लोगों के शव और 10 अन्य के शरीर के अंग लाए गए हैं। लोगों को बचाने में जुटे एक प्रत्यक्षदर्शी अबू अनस के अनुसार, हमला बिना किसी चेतावनी के सुबह सूर्योदय से पहले हुआ, जब लोग स्कूल के अंदर स्थित मस्जिद में नमाज अदा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वहां लोग नमाज कर रहे थे, कुछ लोग नहा रहे थे और कुछ ऊपर सो रहे थे, जिनमें बच्चे, महिलाएं और बूढ़े भी शामिल थे।' उन्होंने कहा कि मिसाइल अचानक उन पर गिर गई। पहले एक मिसाइल गिरी, फिर एक और। हमने शवों के अंग बरामद किए हैं। हमास की स्थानीय सरकार के तहत काम करने वाले नागरिक सुरक्षा दल के प्रवक्ता महमूद बस्सल ने बताया कि तीन मिसाइल स्कूल और मस्जिद के अंदर गिरीं, जहां युद्ध के कारण लगभग 6,000 लोग शरण लिए हुए थे। उन्होंने कहा कि मृतकों में से अधिकांश की पहचान नहीं हुई है और मृतक संख्या बढ़ने की आशंका जताई। बस्सल ने कहा कि मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, युद्ध के दौरान छह जुलाई तक गाजा के 564 स्कूलों में से 477 पर सीधा हमला हुआ है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार जून में, मध्य गाजा में विस्थापित फलस्तीनियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजरायली हमले में कम से कम 33 लोग मारे गए थे, जिनमें 12 महिलाएं और बच्चे थे।

हसीना ने प्रधानमंत्री पद से नहीं दिया इस्तीफा : सजीब

कहा - मेरी मां हसीना ने अपना इस्तीफा सौंपने की बनाई थी योजना

● ढाका,

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजिद जॉय ने शनिवार को कहा कि उन्होंने (हसीना) देश छोड़ने से पहले आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है।

सजीब ने यहां अपने बयान में कहा कि हसीना को समय नहीं मिला और उन्होंने आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि मेरी मां ने एक बयान जारी करने और अपना इस्तीफा सौंपने की योजना बनायी थी , लेकिन फिर प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के आवास की ओर मार्च करना शुरू कर दिया। और समय नहीं था। मेरी मां के पास सामान भी नहीं था। जहां तक संविधान की बात है, तो वह अभी भी बंगलादेश की प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि बंगलादेश के राष्ट्रपति ने सैन्य प्रमुखों और विपक्षी नेताओं से परामर्श के बाद संसद को भंग कर दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री के

औपचारिक रूप से इस्तीफा दिए बिना कार्यवाहक सरकार के गठन को अदालत में चुनौती दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि हसीना की अवामी लीग पार्टी अगला चुनाव लड़ेगी, जो तीन महीने के भीतर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि अवामी लीग सत्ता में आयेगी। अगर नहीं, तो हम विपक्ष में होंगे। कोई भी रास्ता ठीक है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अवामी लीग के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे, सजीब ने कहा कि मेरी मां वैसे भी इस कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त होने वाली थीं। अगर पार्टी चाहती है, तो मैं निश्चित रूप से इस पर विचार करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरी मां विद्रोह का नेतृत्व करने वाले छात्रों की मांग के अनुसार घर वापस लौटकर मुकदमे का सामना करने के लिए तैयार हैं।

मैक्रों ने गाजा से संघर्ष विराम की मांग की

पेरिस: फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गाजा में युद्धविराम के लिए फ्रांस के समर्थन की पुष्टि की है, जिसका उद्देश्य सभी बंधकों को रिहा करना, गाजावासियों की रक्षा करना और बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता पहुंचाना है। यह जानकारी एलिसी पैलेस ने दी। मैक्रों ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान ये टिप्पणी की। फोन पर चर्चा के दौरान, मैक्रों और दोनों अरब नेताओं ने दो-राज्य समाधान के आधार पर संकट का स्थायी और विश्वसनीय समाधान करने की दिशा में काम करना जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

टीवी सोमनाथन कैबिनेट सचिव नियुक्त

नई दिल्ली: सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस)के वरिष्ठ अधिकारी टीवी सोमनाथन को कैबिनेट सचिव नियुक्त किये जाने का निर्णय किया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के शनिवार को जारी सर्कुलर के अनुसार सोमनाथन इस माह के अंत में अपना नया कार्यभार ग्रहण करेंगे। सोमनाथन, राजीव गौबा का स्थान लेंगे। झारखंड कैडर के 1982 बैच के आईएएस गौबा 30 अगस्त 2019 से कैबिनेट सचिव के पद पर कार्यरत हैं। विभाग के अनुसार मंत्रिमंडल की नियुक्तियों संबंधी समिति ने तमिलनाडु कैडर के 1987 बैच के आईएएस सोमनाथन को कैबिनेट सचिव बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

1389 अग्निवीर नौसेना में शामिल

नई दिल्ली: अग्निवीरों के चौथे बैच की पासिंग आउट परेड के बाद 214 महिला अग्निवीरों सहित 1389 अग्निवीर के आईएनएस चिल्का में शुक्रवार को नौसेना में शामिल हो गये। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि अग्निवीरों को 16 सप्ताह का कठोर नौसैनिक प्रशिक्षण दिया गया है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने इस मौके पर आयोजित दीक्षांत परेड की समीक्षा की। इस मौके पर वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी नौसेना कमान और पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर भी उपस्थित थे। अग्निवीरों के परिवारजन भी इस गौरवशाली कार्यक्रम में शामिल हुए।

शनिवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले रिहर्सल में हिस्सा लेते कर्मी।

विकास शून्य ही सुक्खू सरकार की उपलब्धि

प्रदेश सरकार पूरी तरह से कर रही है जनविरोधी काम: जयराम

● शिमला,

हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सुक्खू सरकार पूरी तरह से जनविरोधी काम कर रही है। जिन वादों के साथ कांग्रेस सत्ता में आई सारे काम उसके विपरीत किए जा रहे हैं।

ठाकुर ने यहां जारी बयान में आरोप लगाया कि ऐतिहासिक तेजी से कर्ज लेना, लाखों परिवारों से सुविधाएं छीनना, उनके जीवन को संकट में डालना, हजारों की संख्या में संस्थान बंद करना सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल की उपलब्धि है।

यदि सुक्खू सरकार के कार्यकाल का लेखा जोखा निकाला जाए तो यह प्रदेश के सबसे बुरे प्रदर्शन के तौर पर जाना जाएगा। जब प्रदेश तरक्की करने की बजाय पीछे चला गया। जहां विकास के एक भी काम नहीं हुए। सुक्खू के पूरे कार्यकाल में प्रदेश के विकास की गति शून्य रही। ठाकुर ने कहा कि जितना कर्ज हिमाचल के पूरे इतिहास में लिया गया उसका आधा कर्ज सुक्खू सरकार से मात्र डेढ़ साल के कार्यकाल में ले चुकी है। इसी गति से अगर पांच साल कर्ज लिए तो हिमाचल के आर्थिक स्थिति का क्या हाल होगा, यह कहना मुश्किल है। सुक्खू सरकार सत्ता में आने के बाद से लगभग तीस हजार करोड़ का कर्ज ले चुकी हैं। जब सरकार द्वारा हर दिन लोगों को मिलने वाली अत्यंत ही जरूरी सुविधाएं छीनी जा रही है। सहारा जैसी पेंशन लोगों को मिल नहीं रही है। हिमकेयर से इलाज मिल नहीं मिल रहा है, बिजली पानी पर मिलने वाली सब्सिडी सरकार ने बंद कर दी है। सड़क, पुल, नाले अस्पताल, स्कूल बन नहीं रहे हैं। सड़कों का मलबा तक साफ नहीं हो रहा है तो ऐसे में यह सवाल उठता है कि सरकार कर्ज में मिलने वाली धनराशि का कर क्या रही है।

मोदी ने वायनाड में भूस्खलन से तबाह इलाकों का किया दौरा

● वायनाड,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 जुलाई को केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन से हुई तबाही का जायजा लेने के लिए शनिवार को प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया और कई स्थानों का दौरा भी किया।

इस दौरान केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी भी मोदी के साथ थे। इससे पहले, प्रधानमंत्री करीब 11:10 बजे कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचे और राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री के साथ हेलीकॉप्टर से वायनाड के लिए रवाना हुए। कलपेट्टा में एसकेजेएम स्कूल ग्राउंड हेलीपैड पर उतरने से पहले मोदी ने क्षति की सीमा का मूल्यांकन करने के लिए चूरलमाला, मुंडक्कई और पुंचिरीमट्टम में आपदा क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। मोदी चूरलमाला पहुंचने के लिए कलपेट्टा से निकले, जो सड़क मार्ग से कलपेट्टा से 18 किमी दूर चूरलमाला पहुंचे। उन्होंने चूरलमाला में करीब 50 मिनट बिताए। प्रधानमंत्री ने स्कूल की क्षति की स्थिति देखने के लिए वेल्लारमाला जीवीएचएसएस स्कूल परिसर का दौरा किया और स्कूल के छात्रों से उनकी निरंतर पढ़ाई और उनके पुनर्वास के लिए भविष्य की योजनाओं के बारे में भी पूछताछ की। इस त्रासदी में इस स्कूल के लगभग 32 छात्रों की मृत्यु हो गई। बाद में मोदी राज्यपाल, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी के साथ 31 जुलाई को बचाव कार्यों के लिए चूरलमाला और मुंडक्कई को जोड़ने के लिए सेना के जवानों द्वारा बनाए गए महत्वपूर्ण बेली ब्रिज पर भी चले। उन्होंने जिला कलेक्टर मेघाश्री डीआर और मुख्य सचिव वी वेणु, एडीजीपी अजित कुमार से मुलाकात की और

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) कमांडो से बातचीत की, जो खोज अभियान के लिए आपदा स्थल पर डेरा डाले हुए थे। एनडीआरएफ के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पीयूष आनंद ने भूस्खलन का स्केच दिखाकर 30 जुलाई से 10 अगस्त के बीच बचाव कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री ने बेली ब्रिज के निर्माण के लिए सेना और बचाव कर्मियों की सराहना की तथा पीड़ितों को बचाने के लिए उनके अथक बचाव कार्यों की सराहना की। बाद में मोदी और केंद्रीय मंत्री भूस्खलन के प्रभाव को देखने के लिए तबाह हुए इलाकों में लगभग 600 मीटर तक चले और विवरण के बारे में जानकारी ली। मुख्य सचिव, जिला कलक्टर मेघाश्री और एडीजीपी ने प्रधानमंत्री के सवालों का जवाब दिया। प्रधानमंत्री मेप्पडी में सेंट जोसेफ स्कूल में चल रहे राहत शिविर तक पहुंचने के लिए चूरलमाला से निकले। मोदी ने वहां करीब 25 मिनट बिताए और वहां रह रहे डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ समेत 12 पीड़ितों से बातचीत की। उन्होंने मुहम्मद हानी (16) और लावण्या (14) से भी बातचीत की जिन्होंने परिवार के सभी सदस्यों को खो दिया था। भूस्खलन की आपदा से मेप्पडी पंचायत के वेल्लारीमाला गांव के तीन वार्डों के 4200 से अधिक लोग प्रभावित हुए।

कब तक अल्पसंख्यक मानी जाएगी मुस्लिम आबादी?

अल्पसंख्यक कौन हैं? जब यह सवाल उठता है, तो आपके ध्यान में किस समुदाय या 'रिलिजन' का व्यक्ति आता है? जब कोई नेता अल्पसंख्यकों के अधिकारों की बात करता है, तो सबसे बड़ा लाभार्थी कौन होता है? देश के अधिकांश नागरिकों के मन में जो छवि उभरती है, वह मुसलमान की होती है। लेकिन क्यों? सिख, जैन, पारसी, या बौद्ध जैसे अन्य धार्मिक समुदाय क्यों नजरअंदाज हो जाते हैं? इसका कारण है कि पिछले तीन दशकों में अल्पसंख्यक का मतलब केवल मुसलमान, हमारे दिमाग में बैठा दिया गया है।

शाहीन सबा

भारत का संविधान अनुच्छेद 29 और 30 के माध्यम से अल्पसंख्यकों के सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकारों की सुरक्षा करता है। हालांकि अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं दी गई है, लेकिन संविधान धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों को मान्यता देता है। 1948 में संविधान सभा की बहसों में इन प्रावधानों को अपनाने का निर्णय लिया गया था। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के तहत मुसलमान, ईसाई, सिख, बौद्ध और पारसी समुदायों को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया गया। जनवरी 2014 में, चुनावी गणित और राजनीतिक दबाव को देखते हुए, जैनो को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया गया। 2011 की जनगणना के अनुसार, जैन समुदाय की जनसंख्या पूरे देश में मात्र 45 लाख थी, और महाराष्ट्र को छोड़कर, किसी भी राज्य में उनकी जनसंख्या 1प्रतिशत से अधिक नहीं है। इसके विपरीत, 1993 में ही कांग्रेस ने भारत की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या वाले मुस्लिम समुदाय को अल्पसंख्यक घोषित कर दिया, जबकि मुस्लिम जनसंख्या उस समय लगभग 13 करोड़ थी, जो भारत की कुल जनसंख्या का लगभग 12.5 प्रतिशत थी। सुप्रीम कोर्ट की व्याख्या के अनुसार, भारत में अल्पसंख्यक दर्जा तय करने में सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। 2002 के ऐतिहासिक टी.एम.ए. पई फाउंडेशन बनाम कर्नाटक राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय दिया कि किसी समुदाय का अल्पसंख्यक दर्जा केवल राज्य सरकार ही अपने राज्य के भीतर तय कर सकती है। इसका अर्थ यह है कि धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों को राष्ट्रीय स्तर पर नहीं, बल्कि राज्यवार मान्यता दी जानी चाहिए।

जिस भूमि को मुस्लिम लीग और अंग्रेजों ने भारत के विभाजन की प्रयोगशाला बनाया उसी बंग प्रदेश के धार्मिक जनसंख्या की स्थिति पर 78वें स्वाधीनता दिवस के समय थोड़ी चर्चा करते हैं। ध्यान रहे कि गणित बहुत निष्ठुर होता है और इसके इशारे को नहीं समझने वाला समाज अपने इतिहास के गौरव और भूगोल की विशालता दोनों को खो देता है। सर्वविदित हैं कि 14 अगस्त 1947 की मध्य रात्री में भारत का विभाजन हो गया। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि भारत और पाकिस्तान की सीमाएँ 1947 में एक ब्रिटिश वकील (!) सायरिल रैडक्लिफ द्वारा खींची और अंतिम रूप दी गईं। उन्हें सीमा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिसका कार्य ब्रिटिश भारत के दो स्वतंत्र राष्ट्रों, हिंदू-बहुल भारत और मुस्लिम-बहुल पाकिस्तान, में विभाजन के बाद नई सीमाओं को निर्धारित करना था। रैडक्लिफ को इस विशाल कार्य को पूरा करने के लिए केवल पांच सप्ताह का समय दिया गया था! वो पहले कभी भारत नहीं आए थे और भारतीय जनसांख्यिकी और स्थानीय परिस्थितियों से अपरिचित थे। कितनी बड़ी विडंबना है? एक ब्रिटिश वकील जो कभी भारत नहीं आया उसे मात्र पांच सप्ताहों में विश्व के सर्वाधिक प्राचीन राष्ट्र की सीमाओं का निर्धारण मुख्यतः धार्मिक जनसांख्यिकी के आधार पर करने का दायित्व दे दिया जाता है। हमारे कांग्रेस के बुजुर्ग हो चुके थके हुए नेताजी लोग 'नियति से साक्षात्कार' के सपने सजा रहे थे। इतनी जल्दी क्यों थी गाँधी-नेहरू को?

जब ये वकील मानचित्र पर रेखाएं खींच रहा था तब उसके ध्यान में मूलतः धार्मिक जनसँख्या थी और रेखाएं खींची कहां गईं? बंगाल और पंजाब प्रोविंस के मानचित्र पर! क्योंकि 1941 की जनगणना के अनुसार बंगाल में 53.4 प्रतिशत और पंजाब में 53.2 प्रतिशत मुस्लिम आबादी थी! यानि इन दोनों प्रॉविंस में तब मुसलमान बहुसंख्यक थे। लाखों लोगों की दर्दनाक हत्या हुई और अपनी विशाल भौगोलिक सीमा तथा संसाधन को भारत ने खो दिया। अगर आप जनसंख्या के आंकड़ों के प्रति सजग नहीं हैं तो आप

सुनो भाई साधो!
वर्ष 1 अंक 4

व्यक्तिगत उपलब्धियों और अभिमान से अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की रक्षा नहीं कर सकते। सिंध और ढाका के बड़े-बड़े व्यवसायियों को अपनी जान बचा कर जैसे-तैसे भारत में भाग कर आना पड़ा और यहां शरणार्थी शिविरों में रहे। आज पश्चिम बंगाल की धार्मिक जनसांख्यिकी बहुत चिंता का विषय बन चुकी है। कारण? भारत विरोधी शक्ति भारत के विभाजन हेतु अपने वैश्विक तंत्र और दूरगामी योजना से कार्य कर रही है। इस लोकतान्त्रिक देश के संविधान में अल्पसंख्यक की परिभाषा स्पष्ट नहीं, जनता इस विषय पर चर्चा, चिंतन और मांग से दूर संभवतः किसी नियति से साक्षात्कार वाले पल की प्रतीक्षा में है और राजनैतिक दल तथा इसके सक्षम नेता वोट बैंक की राजनीति से अपनी कुर्सी से चिपके रहना चाहते हैं।

2011 की जनगणना के अनुसार ही पश्चिम बंगाल के 23 जिलों में 3 जिलों, मुर्शिदाबाद में 66.28 प्रतिशत, मालदा में 51.27 प्रतिशत और उत्तर दिनाजपुर में 49.92 प्रतिशत, मुस्लिम स्पष्ट रूप से बहुसंख्यक हैं। कोलकाता, हावड़ा, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, नदिया और वीरभूम में 25 प्रतिशत से अधिक हैं। पश्चिम बंगाल में 2011 में 27.01 प्रतिशत मुस्लिम जनसँख्या थी। 2023 में ये जनसंख्या लगभग 29 प्रतिशत होने का पूर्वानुमान था। सोचने वाली बात ये है कि ये आंकड़े वैध मुस्लिम जनसँख्या की है। पर ये सर्वविदित तथ्य है कि पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक मुस्लिम अनुप्रवेशकारी बांग्लादेश से आकर रह रहे हैं जो आतंरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द के लिए खतरा आये दिन प्रमाणित होते हैं। मई महीने में कोलकाता में बांग्लादेश के सांसद अनवरूल अजीम की हत्या एक गैंग के द्वारा कर दी जाती है जिसमें सीआईडी सिआम हुसैन को लाश को ठिकाने लगाने के अपराध में गिरफ्तार करती है। मालदा, मुर्शिदाबाद, देगंगा, बशीरहाट जैसे क्षेत्रों में होने वाले बलवो और हिंसक गतिविधियां समाचारपत्रों की सुर्खियों में रहती है। लोकसभा चुनाव के दौरान संदेशखाली में राष्ट्रीय जाँच एजेंसी को आना पड़ा। 2014 के खागरागढ़ बम विस्फोट में 19 अपराधियों को एनआईए की विशेष अदालत ने सजा सुनाई उसमें 4 बांग्लादेशी थे। रानाघाट की 71 वर्षीया नन के साथ बलात्कार करने के जुर्म में भी बांग्लादेशी नागरिक को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मुख्य मार्ग, मुख्य सड़क सेतु, रेलवे स्टेशन, समुद्री तटवर्ती क्षेत्र, और सुंदरवन के द्वीप समूह में आसपास घनी मुस्लिम आबादी देखी जा सकती है। इन सभी बस्तियों में दूसरे लोग सामान्यतः नहीं जाना पसंद करते हैं। कोलकाता में 'मिनी पाकिस्तान' बनने की बात तो पाकिस्तान के डॉन में भी छाप चूका है।

पश्चिम बंगाल के गांवों-पंचायतों की स्थिति देखेंगे तो आंकड़े और भयावह दिखेंगे। लोगों के जीवन और सामाजिक अचार व्यवहार पर अत्यधिक प्रभाव उनके गांव और बस्ती के समाज द्वारा पड़ता है। जो समाज अपनी राजनैतिक क्षमता और सामुदायिक बल के कारण मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से स्थानीय समाज पर बढ़त बना लेता है वो धीरे-धीरे जीवन के हर क्षेत्र में अपने प्रभाव का विस्तार करने लगता है। एक उदहारण देखिये। 5 फरवरी 2017 को इंडिया टुडे में प्रकाशित एक खबर के अनुसार, 'सरस्वती पूजा के समय, तो बंगाल के कई स्कूलों, जिनमें कुछ कोलकाता के प्रशासनिक क्षेत्र के निकट स्थित थे, को इस्लामी संगठनों की ओर से प्रतिरोध की आशंका के कारण उत्सव रद्द करना पड़ा। इन संगठनों ने पहले पैगंबर मोहम्मद की जयंती मनाने की मांग की थी, जिसे राजारहाट इमाम काउंसिल द्वारा एक पूर्व शर्त के रूप में प्रस्तुत किया गया था।' सनातन परंपरा से चली आ रही माँ सरस्वती की पूजा पश्चिम बंगाल के बहुत से विद्यालयों में बंद करवा दी गई है या शिक्षकों ने डर से बंद कर दी है। आखिर क्यों? संविधानिक अल्पसंख्यक श्रेणी का लाभ लेकर बहुसंख्यक मुसलमान वास्तविक अल्पसंख्यक स्थानीय हिन्दू समाज पर अपनी शर्तें थोप रहे हैं और लोगों में डर व्याप्त हो रहा है।

ऐसी परिस्थिति में जब मुस्लिम जनसँख्या और हिन्दू जनसँख्या वास्तविक रूप में और आंकड़ों की नजर में भी बहुत अधिक अंतर पर नहीं है और न ही मुस्लिम समुदाय इस स्थिति में है कि उसके मजहब के कारण हिन्दू समाज उसको प्रताड़ित या उसके अधिकारों का हनन करे, वास्तव में यहाँ तो हिन्दू पीड़ित है, राज्य सरकार को चाहिए कि वो दूसरी सबसे बड़ी जनसँख्या वाले मुस्लिम समाज को अल्पसंख्यक श्रेणी से निकाल कर मुख्यधारा के साथ जोड़े। इससे पश्चिम बंगाल पर संभावित आंतरिक सुरक्षा के बड़े खतरे को कम किया जा सकेगा। इस देश का प्रबुद्ध समाज का भी दायित्व बनता है कि भारत सरकार और अन्य सक्षम संस्थाओं से पूछे कि आखिर कब तक देश की दूसरी सबसे बड़ी जनसँख्या अल्पसंख्यक मानी जाएगी? क्या 50 प्रतिशत तक होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं? तो फिर इस स्वाधीनता दिवस को विभाजन के मूल कारण के बारे में एक बार अवश्य विचार करें।

दिल्ली की सिंधासन के लिए सियासी जंग शुरू - खबरीलाल

भारतीय राजनीति के मर्मज्ञ व पंडितयों के मध्य चिन्तन व चर्चा दबी जुबान से शुरू हो गई कि मोदी व शाह के लिए तीसरे काल में सरकार चलाना इतना आसान नहीं,जिसकी झलकआये दिनों देखने को मिलनें लगी है विश्व के राजनीति पटल पर सदियों से अपना सिक्का जमाने वाला हमारा देश भारतवर्ष सैदव ही चर्चा के केन्द्र में रहता है।भारतीय राजनीति में इसी क्रम में परिवर्तन का चक्र चला दिल्ली दरबार के सिंधासन भाजपा व उनकी सहयोगी दलों की सरकार बनी, 2014 से 2024 दो कार्यकाल तक चली,भाजपा व मोदी सरकार के हौसले बुलंद थें।दूसरे कार्यकाल में तो विपक्ष को कुछ नही माने देश के लोकतंत्र के मन्दिर में संविधान संसोधन,बिल पास करवाने विपक्षों दलो के सांसद का निलम्बन आदि काफी चर्चा व चिन्तन का विषय बना,पार्टी द्वारा अपने संरक्षक स्वरूप आर एस एस अर्थात संघ की अनदेखी तक करते लगी।सर पर 2024 का साधारण चुनाव था।इसके पूर्व राज्यो के विधान सभा चुनावों में सफलता मिलती देख कर,अपने समर्थकों व पार्टी के कार्यकत्ताओं के लिए फरमान जारी कर दिया कि मोदी-शाह के नेतृत्व में अबकी बार 400 का दिया,पार्टी नें अपने मोदी-शाह जिसे चाणक्य भी कहा जाने था। लोकसभा चुनाव के परिणाम 400 का आकंडा पहुंचना तो दुर की बात-सरकार बनाने के लिए दो दलों का बैसाखी का लेना पड़ा।भारतीय राजनीति के क्षितिज पर विगत 10 बर्षो तक चमकने - दमकने वाला मोदी व उसके अजीज दोस्त शाह की करिश्माई जोड़ी के नेतृत्व में एन डी ए व दो बैशाखी के सहारे की सरकार तो बना ली,लेकिन दिल्ली दरबार की तीसरी मोदी सरकार के शपथ ग्रहण के साथ ही यह पूछा जाने लगा था कि भाजपा व उसके सहयोगी दलों की केन्द्र में सरकार कितने दिन चलेगी ?यहाँ पर आपके मन सक व शंका उठना स्वाभाविक है कि 10 बर्षो से केन्द्र सरकार में एन डी ए की नेतृत्व वाली सरकार के लिए ऐसी कहना उचित है क्या।मै यहाँ पर स्पष्ट कर दूँ कि ऐसी आशंका किसी भी गठबंधन सरकार के लिए जताई जाती रहीहै। कई गठबंधन सरकारें चली भी हैं,तो गठबन्धन की सरकार ताश के पत्ते की भरभरा कर गिरी भी हैं आप को स्मरण होगा सन1992 में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में बनी नरसिंह राव की सरकार ने अपना कार्यकाल पूरा किया था।उसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बीजेपी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए)ने भी अपना कार्यकाल पूरा किया था।डा0 मनमोहन सिंह की अगुवाई में दो सरकारोंझ्रयूपीए 1और यूपीए 2 ने अपना कार्य काल पूरा किया था।वही गठबंधन सरकारों के बीच में ही भरभराकर गिर पड़ने के कई उदाहरण हैं।भारतीय राजनीति में आपातकाल अध्याय के बाद केंद्र में विपक्ष की बनी पहली सरकार जनता पार्टी की एक तरह से गठबंधन की ही सरकार थी। वह अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई। बाद में 1989 में जनता दल के नेतृत्व में बनी सरकार भी बीच में ही गिर गई थी इस सरकार को एक ओर से वामपंथी तो दूसरी ओर से बीजेपी समर्थन दे रही थी।इसी तरह से अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बनी दो सरकारें भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं।एक बार तो वाजपेयी लोक सभा में बहुमत ही नहीं साबित कर पाये(सरकार महज 13 दिन रही)और दूसरी बार सरकार बनी तो महज 13 महीनों में ही गिर गई।इससे पहले चौधरी चरण सिंह की सरकार महीने भर और चंद्रशेखर की सरकार भी चार महीने में ही गिर चुकी है। एक बच्चे की सउरी(गर्भवती जिस कमरे में बच्चे को जन्म देती है)में ही नजर उतराई(झाड़-फूंक) होने लगे उसके सौ साल जीने की उम्मीद कैसे लगाई जाए।राहुल गाँधी और लालू प्रसाद यादव दोनों इस ख्वाहिश को जता चुके हैं कि नरेंद्र मोदी की एन 1 व एन 2 की बैसाखी वाली सरकार कितने दिन चल पायेगी।दोनों सहयोगी दलों मोदी सरकार से अपनी दलो व राज्यों सरकार कई बात की उम्मीद लेकर बैठे हैं। सर्व विदित रहे कि तेलुगू देशम पार्टी के नेता चंद्रबाबू नायडू,जिनकी पार्टी के 16 सदस्य हैं और जनता दल यू के नेता नीतीश कुमार,जिनके दल के 12 सदस्य हैं,किसी न किसी दिन सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी करेंगे।संसद के बजट सत्र में ,इस बात के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा अपनी चुतराई से दोनों राज्यों को बड़े पैकेज देकर उनकी चाहत का ख्याल रखा गया। उन्हें असंतोष नहीं हुआ लैकिन दूसरे राज्यों में असंतोष देखने को मिला है,उनका मानना है कि मोदी सरकार ने बजट में उनके साथ अन्याय हो रहा है।जिसकी झलक नीति आयोग की बैठक मुख्य मंत्रियों का बहिष्कार कर हालॉकि प० बंगाल की मुख्य मंत्री सुश्री ममता बनजी बैठक में बैठक के मध्य में छोड़ कर चली गई।उनका आरोप था कि उन्हें बैठक में बोलने के लिए एक तो कम समय मिला ' इतना ही बीच में उनका माईक बंद कर दिया।मोदी सरकार व पार्टी का मानना है कि अगर चंद्रबाबू और नीतीश के समर्थन वापस ले लेने पर भी सरकार के पास 266 सदस्यों का समर्थन रहेगा।जिसकी सरकार होती है उसके लिए छह बाकी सदस्यों का इंतजाम करना बहुत मुश्किल नहीं होगा।वे महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, अरुणाचल प्रदेश,मध्य प्रदेश जैसे राज्यों की तरह केंद्र में भी दूसरी पार्टियों के सांसदों को बीजेपी में मिलाकर अपनी संख्या 272 तक पहुंचाने की कोशिश जरूर करेंगे।पीछे भी यही मोदी शाह टीडीपी के सांसदों को तोड़ भी चुके हैं, इसलिए इस बात की गारंटी नहीं है कि वे इस बार ऐसी कोई कोशिश नहीं करेंगे इसलिए सरकार गिरे,यह सहज में तो संभव नहीं।लेकिन सरकार के सामने समस्या है,और वह असल समस्या यह है कि भाजपा और संघ में मोदी और शाह के



खिलाफ असंतोष बन आया है।उनकी वोट दिला पाने की क्षमता और चाणक्यगीरीझदोनों पर सवालिया निशान लग गया है।माना जा रहा है कि उनकी गलत नीतियों और उनकी मनमानी के कारण लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी नुकसान हुआ है।इसी वर्ष अक्टूबर-नवंबर में होने वाले जम्मू-कश्मीर,महाराष्ट्र,हरियाणा और झारखंड विधान सभा के चुनावों में यदि भाजपा हारती है तो मोदी-शाह के नेतृत्व पर सीधा सवाल उठ सकता है।उन्हें बदलने की मांग उठ सकती है।

साथ ही,मोदी और शाह पर अब जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का भी दबाव है।लोकसभा चुनाव में जनता ने दिखा दिया है कि वह मोदी सरकार के कार्यकाल से खुश नहीं है और उन्होंने अपनी कार्यशैली न बदली तो इस बार बहुमत नहीं दिया,आगे इस लायक भी नहीं छोड़ेगी कि वे सरकार बना सकें।भाजपा का कोर वोटर वर्ग भी अब यह आशा छोड़ चुका है कि मोदी और शाह अब हिंदुत्व का कोई बड़ा काम कर पाने की हैसियत में हैं।2047 में भारत की बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाने का लोक लुभावना उन्हें प्रंसद नही आ रहा।उनका सीधा सवाल है,कहाँ गया एनआरसी या कॉमन सिविल कोड का मुद्दा?पीओके को भारत में मिलाने का मुद्दा?बढ़ती आबादी पर लगाम लगाने का मुद्दा? ये सवाल दिनोंदिन प्रखर होते जाएंगे।विपक्ष अब मजबूत है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण लोक सभा में इसी सत्र के दौरान सरकार द्वारा वफफ बोर्ड संसोधन बिल पास नही करवाई पाई ' आखिरकार जे पी सी में भेजना है।वही राज्य सभा में सभापति व राज्य सभा सांसदों के बीच बढ़ते ठकराव ' ये तनाव इतनी बढ़ गई कि विपक्ष सभापति महोदय से अपने वर्त्ताव मे बदलाव करने की माँग करने लगी ' बात उनके पर महाभियोग लाने की तैयारी करने के लामबन्ध हो गए ' हालाकि संसद के सत्र जो पूर्व कार्यक्रम के अनुसार 12 अगस्त तक चलने वाली थी शुक्रवार को सदन को अगली घोषणा तक स्थगित कर दी गई।वही राहुल गाँधी की छवि भी बदल चुकी है।वें विपक्ष के नेता बन गए है।सम्पूर्ण विपक्ष भी अब लोगों के बीच सवाल पहुँचाने में कमजोर नहीं पड़ेगा।खैर इस संदर्भ में अभी से कुछ कहना जल्दबाजी होगी,ये तो अतीत के गर्भ में छुपा है। एक बात 100% सच है कि राजनीति कुछ में कुछ असम्भव नही है।इसके लिए आप व हमें इतंजार करना ही उचित होगा। फिलहाल आप सभी यह कहते हुए विदा लेते है-ना ही काहुँ से दोस्ती,ना ही काहुँ बैर। खबरीलाल तो माँगे,सबकी खैर ॥ फिर मिलेंगे,तीरक्षी नजर से तीखी खबर के संग।तब तक के लिए आप सभी से विदा चाहते है। अलविदा।

आलेख-विनोद तकियावाला ' स्वतंत्र पत्रकार/स्तम्भकार ' सम्पर्क- 8368393253, मेल - journalist.takiawala@gmail.com

ज्योतिर्विद * ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव

साप्ताहिक ज्योतिष पत्रिका

रविवार 11 अगस्त से शनिवार 17 अगस्त 2024 तक

व्रत उत्सव

विक्रम सम्वत 2081 कालयुक्त नाम संवत्सर, शकाब्द 1946 कलियुग संवत्सर 5125 रविवार श्रावण शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि से शनिवार श्रावण युक्त द्वादशी-त्रयोदशी तिथि तक। **सोमवार 12 अगस्त :** गोस्वामी तुलसीदास जयंती। **मंगलवार 13 अगस्तः** शुक्ल उदय अष्टमी में मासिक दुर्गा अष्टमी व्रत। **गुरुवार 15 अगस्त :** भारत का स्वतंत्रता दिवस घर-घर तिरंगा फहराएं आज। **शुक्रवार 16 अगस्त :** सूर्य की निरमन सिंह संक्रान्ति तथा एकादशी व्रत सभी वैष्णवों का एक ही दिन है। **शनिवार 17 अगस्त :** शनिवारी प्रदोष व्रत, जन्म पत्रिका में शनि ग्रह से संकेतिक विविध कष्ट, स्वास्थ्य नौकरी कष्ट के निवारण के लिए इस शुक्ल पक्ष के शनिवारी प्रदोष व्रत से आरंभ कर, दोनों पक्षों के प्रदोष व्रत नियमपूर्वक करें, कामना पूर्ति शीघ्र होगी। सूर्यास्त बाद 48 मिनिट नित्य प्रदोषकाल होता है इस समय शिव आराधना नमः शिवाय इस पंचाक्षर मंत्र का जप करें। **अगले सप्ताहः** सोमवार 19 अगस्त राखी पूर्णिमा, श्री सत्यनारायण व्रत कथा पूर्णिमा संस्कृत दिवस, श्रावणी उपाकर्म। हयग्रीव अवतार जयंती।

आकाश दर्शन और मौसम

आकाश स्वच्छ होने पर देखें इन दिनों मंगल गुरू एक साथ रात एक बजे पूरब में उदित होकर सुबह दक्षिण पूर्व में परस्पर निकट दिखाई दे रहे हैं। शनि पूरब में रात सवा आठ बजे से उदित होकर सुबह पश्चिम में दिख रहा है। शुक्र ग्रह लगभग पौने आठ रात तक पश्चिम में दिख रहा है। **मौसम :** सप्ताह के मध्य में व्यापक वर्षा योग है।

व्यापार भविष्य

इस सप्ताह ऑटोमोबाइल्स, कैमिकल्स, कंजूमर गुड्स, पैट्रो रसायन, मैटल तथा आई.टी. के शेयरों में अस्थिरता घटबढ़ अधिक हो सकती है। सावधानी से व्यवहार करें।

मेष- आपकी राशि के स्वामी मंगल और भाग्य स्थान के स्वामी गुरु इस सप्ताह मध्य युति योग पर हैं। इसका अच्छा असर आपके कार्य क्षेत्र पर पड़ेगा। साख और प्रशंसा बढ़ेगी। आपकी वाणी का प्रभाव अच्छा रहेगा दूसरे आपसे प्रभावित होंगे। परंतु दूसरी और आपकी मनोवृत्ति अधिक उदारता की रहेगी जिसका कुछ लोग फायदा उठा लेंगे। आप लापरवाही से खर्च भी कर सकते हैं। इस सप्ताह के सोमवार मंगल बुधवार और शुक्रवार कार्य सिद्धि और सफलता तथा लाभ की दृष्टि से उत्तम रहेंगे मंगल बुधवार के आसपास रुके लाभ भी मिल सकते हैं।

वृष- आपकी राशि पर मंगल गुरु का योग इस सप्ताह हो रहा है इसे आप स्वयं भी सुबह के पहले देख सकते हैं। आपके क्षेत्र में इसका अच्छा असर होगा, आपके सभी कार्यों में अच्छी प्रगति होगी। अधिक परिश्रम से थकावट होने का संकेत भी है। व्यवसाय में लाभकारी प्रस्ताव भी मिल सकते है और नए मित्रों से सुझाव भी जो आपकी रुकी योजना को आगे बढ़ाएंगे। सप्ताह के शुरू में स्वास्थ्य संबंधी असुविधा हो सकती है इसलिए ऊर्जा का अपव्यय करने से बचें। इस सप्ताह मध्य आप किसी महत्वपूर्ण कार्य में अच्छी सफलता पाएंगे। शुक्र शनिवार काम काज में बाधक रह सकते हैं। जबकि शेष सप्ताह व्यापार लाभ, कार्य सिद्धि और सफलता के लिहाज से अच्छा रहेगा। किसी निकट प्रिया जन की ओर से उन्नति का समाचार मिल सकता है।

मिथुन- इस सप्ताह आपको अपनी आर्थिक देनदारी पर कर्ज किश्त इत्यादि के भुगतान पर अधिक खर्च करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी आपका ध्यान बांटे रहेंगी।सप्ताह मध्य उपयोगी चर्चा होने का और व्यापार रोजगार में लाभ तथा उन्नति के अवसर बढ़ने का ग्रह संकेत है। सप्ताह के शुरू में संतान पक्ष की ओर से किसी समस्या का समाधान होने का संकेत भी मिलेगा। रविवार सोमवार गुरु शनिवार सप्ताह के अनुकूल और लाभदायक दिन हैं।

कर्क- आपको इस सप्ताह अपने व्यापार रोजगार के अनुसार एक से अधिक साधनों से लाभ मिल सकता है। वर्तमान साधनों से भी आमदनी की वृद्धि होने का योग है। सप्ताह के शुरू में घर परिवार की चिताओं पर ध्यान बंटा रहेगा। संतान पक्ष की ओर से शिक्षा और व्यवसाय संबंधी अच्छी खबर मिल सकती है परंतु किसी निकट संबंधी के या स्वयं के स्वास्थ्य की चिंता भी रह सकती है। यदि आप डायबिटिक है तो इस सप्ताह इस तरफ अधिक ध्यान दें सप्ताह के आखिर में देनेदारी पर खर्च बढ़ सकता है। रविवार सोमवार बुधवार गुरु शुक्रवार सप्ताह के अनुकूल और लाभदायक दिन हैं।

सिंह- आपको निकट भविष्य में संपत्ति के विस्तार का अवसर मिलेगा, भूमि भवन के कार्यों में आपके मन के अनुसार अच्छी स्थिति बनेगी। रहने काम करने की जगह का विस्तार होने का विचार भी प्रबल रहेगा। सप्ताह के शुरू में लघु यात्रा हो सकती है और उपयोगी चर्चा भी हो सकती है। सप्ताह मध्य कार्य क्षेत्र में नई व्यस्तता बढ़ेगी, मान सम्मान भी अच्छा रहेगा। सप्ताह के आखिर में उपयोगी चर्चा होने का और किसी नए कार्य में धन और साधन खर्च करने का विचार बनेगा। रविवार मंगलवार गुरु शुक्रवार सप्ताह के अनुकूल और प्रसन्नता तथा लाभ देने वाले दिन रह सकते हैं।

कन्या- आपको अपने से कम उम्र वाले संबंधी की ओर से कोई अच्छा समाचार इस सप्ताह मिल सकता है। छोटे भाई बहनों की ओर से भी प्रसन्नता के प्रसंग हो सकते हैं। दूर स्थित व्यक्ति से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। सामाजिक और पारिवारिक कार्यों में धन तथा साधनों का व्यय इस सप्ताह अधिक हो सकता है। सप्ताह के शुरू मेंधन लाभ होने का भेंटउपहार मिलने का और आनंददायक वार्तालाप होने का योग है। सप्ताह के आखिर में लघु यात्रा होने अथवा यात्रा से वापसी होने का ग्रह संकेत है। परिवार में परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य की चिंता भी इस सप्ताह बनी रह सकती है। रविवार मंगल गुरु शुक्रवार सप्ताह के अधिक अनुकूल और व्यापार की दृष्टि से लाभकारी दिन हैं।

तुला- बहुत समय से रुके हुए लाभ लेनदारी, पेंशन, और संपत्ति के अधिकार इत्यादि से जुड़े मामलों में आपको लाभ और सफलता प्राप्त होने का योग है जो अगले सप्ताह भी जारी रहेगा। निकट संबंधी की ओर से कारोबारी उन्नति की चिंता का समाधान भी इस सप्ताह होने का योग है। सप्ताह के शुरू में मनपसंद वातावरण रहेगा तथा नए कार्यों के लिए प्रेरणा मिलेगी तथा कोई मौलिक कार्य होने का एवं संपर्क क्षेत्र बढ़ाने का योग है। व्यापार रोजगार में लाभ और सफलता के लिए लगभग पूरा सप्ताह ही अनुकूल रहेगा स्वास्थ्य की दृष्टि से रक्तचाप और डायबिटीज की शिकायत होने की स्थिति में इस ओर से विशेष सावधानी रखें।

वृश्चिक- आपकी राशि के स्वामी मंगल का धन और बुद्धि के स्वामी बृहस्पति से इस सप्ताह योग हो रहा है जिसे आप सुबह के पहले आकाश स्वच्छ होने पर देख भी सकते हैं, इसका अच्छा असर आपका कारोबार पर पड़ेगा। इस सप्ताह आपको आपकी योजना को आगे बढ़ाने लायक अनुकूल वातावरण प्राप्त होगा। बौद्धिक कार्यों में और साझे के कार्यों में अच्छी प्रगति होगी। उपयोगी मार्गदर्शन भी योग्य व्यक्तियों से मिल सकता है। सप्ताह के शुरू में श्रम थकावट तथा खर्च भी बढ़ सकता है। सप्ताह मध्य नए विचारों से प्रेरित रहेंगे। सप्ताह के आखिर में व्यय बढ़ेगा परंतु व्यापारिक लाभ भी अच्छा होगा। मंगल बुध गुरु शनिवार उत्तम और लाभदायक दिन रहेंगे।

धनु- आपकी राशि के स्वामी बृहस्पति का इस सप्ताह मंगल से योग हो रहा है यह आपको आर्थिक मामलों में नई स्थिति बना सकता है। आर्थिक देनदारी बढ़ सकती है परंतु इसके लिए धन साधन और उधारी की व्यवस्था भी हो जाएगी। कारोबार विस्तार के लिए धन की आवश्यकता भी पूरी हो सकेगी, सप्ताह मध्य इस दृष्टि से महत्वपूर्ण रह सकता है। सप्ताह के शुरू में कोई मनोरथ पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी, प्रिय व्यक्ति की ओर से अच्छी खबर भी मिल सकती है। जब कि सप्ताह के आखिर में गुरुवार से शनिवार के लगभग एक साथ कई काम बन जाने से मन प्रसन्न रहेगा, यद्यपि आपकी कार्य क्षमता पर दबाव बढ़ सकता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से कंधे और कमर में पीड़ा का निकट भविष्य में ग्रह संकेत है। कारोबार में लाभ और सफलता प्रसन्नता के लिहाज से रविवार सोमवार गुरुवार शनिवार उत्तम दिन रहेंगे।

मकर- आपकी राशि से बुद्धि विवेक और संतान भाव के पंचम स्थान पर गुरु और मंगल का योग हो रहा है यह आपके बुद्धि कौशल में वृद्धि करेगा, आपके आर्थिक संसाधनों में वृद्धि करेगा तथा संतान पक्ष की ओर से चिंता का समाधान भी। इस सप्ताह के आरंभ में व्यापार रोजगार की दृष्टि से व्यस्तता बढ़ेगी आप कार्यों में तेजी लाने के लिया कई तरह के प्रयोग भी करेंगे। उपयोगी समझौते और चर्चा होने का योग है। सप्ताह के आखिर में कई तरह के खर्च बढ़ सकते हैं तथा लघु यात्राएं भी हो सकती हैं। रवि सोम मंगल बुधवार अधिक अनुकूल और लाभदायक दिन रहेंगे।

कुंभ- इन सप्ताह का गुरु मंगल योग आपको स्थायी संपत्ति से जुड़े मामलों में अच्छी सफलता दे सकता है, कार्य क्षेत्र में विस्तार होने का, उन्नति के नए अवसर मिलने का तथा उपयोगी यात्रा होने का योग भी है। कार्य क्षेत्र में नए पद या नए अवसर मिलने से भी आपको फायदा होगा। सप्ताह के शुरू में यात्रा होने का योग है तथा भाग्यवश कोई बड़ा काम भी बन सकता है। सप्ताह मध्य कार्य विस्तार का और नई प्रसन्नता का योग प्रबल है। सप्ताह के आखिर में एक साथ कई काम बन सकते हैं तथा विभिन्न साधनों से धन का लाभ भी हो सकता है। सप्ताह के सोम गुरु शुक्र शनिवार उत्तम दिन रहेंगे।

मीन- आपकी राशि के स्वामी बृहस्पति का आपकी राशि से भाग्य स्थान के स्वामी मंगल के साथ शुभ ग्रह युति इस सप्ताह हो रही है जिसे आप सुबह के पहले आकाश में देख भी सकते हैं। यह योग आपके भाग्य में वृद्धि करेगा तथा कोई बड़ा काम कम मेहनत से ही बन सकता है। स्थिति अनुसार पद प्राप्त होने का और कारोबार में उन्नति के अवसर मिलने का योग भी इस और अगले एक सप्ताह के बीच घटित हो सकता है। सप्ताह के शुरू में रुके लाभ मिल सकते हैं पर कोई गुप्त चिंता भी रह सकती है। सप्ताह मध्य प्रसन्नता के नए प्रसंग होंगे सप्ताह के आखिर में दूसरों की जिम्मेदारी उठाने के कारण परिश्रम अधिक हो सकता है। व्यापार रोजगार में लाभ की दृष्टि से लगभग पूरा सप्ताह ही अनुकूल है।

पदकतालिका

स्थान देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल योग
1. चीन	37	27	24	88
2. अमेरिका	33	41	39	113
3. ऑस्ट्रेलिया	18	17	14	49
4. जापान	16	10	13	39
5. फ्रांस	15	21	22	58
69. भारत	00	01	05	06

सार संक्षेप

स्वदेश लौटी टेटे खिलाड़ी श्रीजा अकुला

नई दिल्ली : भारतीय महिला स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला शनिवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में भाग लेकर स्वदेश लौट आई। श्रीजा का हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया। विश्व में 22वें स्थान पर और विश्व टेबल टेनिस रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान पर रहने वाली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने पेरिस 2024 में महिला टेटे स्पर्धा में व्यक्तिगत ओलंपिक में प्री क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली केवल दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनी।

प्रधानमंत्री ने पहलवान अमन को पदक जीतने पर बधाई दी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पहलवान अमन सहरावत को कांस्य पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मोदी ने टेलीफोन पर अमन से बात की और पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपको पदक जीतने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। आपने अपने नाम के अनुरुप देशवासियों का मनभर दिया है। आपका जीवन देशवासियों के लिए प्रेरक है जिन्होंने कई कठिनाईयों के बाद संघर्ष करते हुए यह पदक जीता और अपने देश का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि आपने छोटी उम्र में पदक जीतकर देशवासियों को खुशियों से भर दिया है। मोदी ने कहा कि आप जैसे बहुत कम खिलाड़ी होते है जो अखाड़े को ही अपना घर बना लेते है एवं कड़ी मेहनत कर देशवासियों को खुशी देते है। अमन ने मोदी को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि वह 2028 ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का पूरा प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप पदक के रंग की चिंता न करें। उल्लेखनीय है कि अमन सहरावत ने शुक्रवार को पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल मुकाबले में प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज को 13-5 से हराकर देश के लिए छठा और कुश्ती में पहला कांस्य पदक जीता।

बैज ने विनेश की अयोग्यता को लेकर खड़े किए सवाल

रायपुर : ओलंपिक कुश्ती के फाइनल मुकाबले से पहले अयोग्य घोषित की गई पहलवान विनेश फोगाट को लेकर नई सियासत छिड़ गई है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने भी इस पूरे मामले में सवाल उठाया है। विनेश फोगाट की अयोग्यता को लेकर बैज ने कहा कि पूरा देश जानता है कि सच्चाई क्या है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहे खुद को कितना भी साफ करने की कोशिश कर ले, कहीं न कहीं इस पूरी साजिश में भाजपा और केंद्र सरकार का भी हाथ है। हॉकी टीम के पदक जीतने और विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित होने पर बैज ने कहा कि हॉकी टीम को पदक जीतने पर बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। पूरा देश खिलाड़ियों के साथ है। वहीं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारी बहन व हमारी खिलाड़ी विनेश फोगाट, जो थोड़ी सी प्रशासनिक लापरवाही से चूक गई, सरकारी तंत्र की साजिश का शिकार हो गई। फिर भी आज पूरा देश उसके साथ खड़ा है।

अमन शर्मा जम्मू साई प्रशिक्षण केंद्र के प्रमुख नियुक्त

जम्मू : जम्मू कश्मीर के अमन शर्मा को जम्मू स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) प्रशिक्षण केंद्र का प्रमुख नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार साई के उच्च प्रदर्शन निदेशक अमन शर्मा को साई प्रशिक्षण केंद्र जम्मू का प्रभार सौंपा गया है। अमन भारतीय राष्ट्रीय पुरुष बास्केटबॉल टीम के मुख्य कोच, राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) बेंगलुरु में बास्केटबॉल के अकादमिक विभाग में संकाय और नई दिल्ली में साई मुख्यालय में स्टेडियम प्रशासक रहे हैं। वह बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के टैलेंट रिसर्च विंग के अध्यक्ष भी हैं। एनआईएस पटियाला के 29वें बैच के ओवरऑल टॉपर अमन ने जाट रेजिमेंट की आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी के साथ 10 साल तक काम किया है। उन्हें भारतीय युवा, जूनियर और पुरुष टीमों के मुख्य कोच होने का गौरव प्राप्त है और वह जम्मू और कश्मीर बास्केटबॉल एसोसिएशन के महासचिव भी हैं।

चेन्नईयिन एफसी की निगाहें जीत पर

जमशेदपुर : चेन्नईयिन एफसी रविवार को यहां जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में असम राइफल्स एफटी के खिलाफ अपने डूरंड कप 2024 अभियान को सकारात्मक रूप से समाप्त करने का लक्ष्य रखेगा। नए चेहरे वाली मरीना माचांस ने ज्यादातर युवा भारतीय खिलाड़ियों की टीम को मैदान में उतारा था। माचांस पहले दो ग्रुप मैचों में भारतीय सेना एफटी और जमशेदपुर एफसी से हार गई हालांकि उन्होंने कड़ी टक्कर दी। असम राइफल्स ने भी अपने पिछले दो मैच गंवाए। चेन्नई एफसी के सहायक कोच नोएल विल्सन ने कहा कि असम राइफल्स एक अच्छी टीम है, रक्षात्मक रूप से मजबूत है। उन्होंने अपने पिछले दो मैच हारने के बावजूद काम करना जारी रखा है। उन्होंने कहा कि वे एक कठिन टीम हैं, लेकिन उनके प्रति पूरे सम्मान के साथ हम चेन्नईयिन एफसी के रूप में मैदान पर जाकर अपना खेल खेलना चाहते हैं और मैच जीतने के लिए जो करना है, वह करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विसी बैरेटो ने जमशेदपुर एफसी के खिलाफ प्रतियोगिता में टीम का पहला गोल किया।

हॉकी टीम का भव्य स्वागत

● नई दिल्ली,

भारतीय हॉकी टीम का पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतकर शनिवार को स्वदेश लौटने पर दिल्ली हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर भारतीय खिलाड़ियों का ढोल-नगाड़ों के साथ उनके प्रशंसकों ने जोरदार स्वागत किया, खिलाड़ियों के इंतजार में हॉकी प्रशंसक सुबह से ही हवाई अड्डे के बाहर जमा हो गए थे।

हॉकी खिलाड़ी हवाई अड्डे से जैसे ही बाहर निकले तो हजारों हॉकी प्रशंसक उनकी झलक पाने के लिए पलकें बिछाए उनके इंतजार में खड़े थे। हॉकी टीम के बाहर आते ही भारत जिंदाबाद और सरपंच साहब (कप्तान हरमनप्रीत सिंह) के नारे लगा रहे थे। इसे देखकर कप्तान और टीम के सभी साथी भी काफी खुश नजर आ रहे थे। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पेरिस ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर स्वदेश लौटी हॉकी टीम के खिलाड़ियों से भेंट की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मांडविया ने सभी खिलाड़ियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मांडविया ने खिलाड़ियों से कहा कि ओलंपिक खेलों में 52 साल बाद लगातार दूसरी बार पदक जीत कर आपने देश का नाम रोशन किया है, पूरे देश को आप सभी पर गर्व है। टीम के सदस्य हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देने के लिए अपने कांस्य पदकों के साथ नेशनल स्टेडियम पहुंचे और हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश के समापन समारोह में ध्वजवाहक चुने जाने पर बात की।

रितिका को मिल सकता है मौका

क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान की एपेरी मेडेट काइजी के खिलाफ हारी रितिका

● पेरिस,

भारतीय महिला पहलवान रितिका हुड्डा को पेरिस ओलंपिक में महिला कुश्ती के 76 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में शनिवार को किर्गिस्तान की एपेरी मेडेट काइजी के खिलाफ बराबरी के बाद आखिरी अंक गंवाने के कारण हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद काइजी अगर फाइनल में पहुंचती है तो रितिका के पास रेपचेज से कांस्य पदक मुकाबला खेलने का मौका होगा।

विश्व नंबर एक महिला पहलवान काइजी और रितिका का स्कोर 1-1 से बराबर रहा, लेकिन आखिरी अर्जित अंक के कारण शीर्ष वरीय काइजी को मैच में विजेता घोषित किया गया। रितिका ने हालांकि अपने जज्बे से हर एक का दिल जीत लिया। रितिका ने अंत तक काइजी को जबर्दस्त मुकाबला हुआ। इससे पहले रितिका ने हंगरी की बर्नडेट को प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में 12-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी थी। रितिका ने पहले से ही रक्षात्मक खेल (पीरियड) में 4-0 से बढ़त बना ली थी, लेकिन उन्होंने दूसरे पीरियड में शानदार प्रदर्शन कर आठवीं वरीयता प्राप्त पहलवान को ज्यादा मौके नहीं दिए। रितिका ने रक्षात्मक खेल के साथ शुरुआत की और हंगरी की पहलवान के आक्रमण को शानदार तरीके से रोकने में सफल रही। इस भार वर्ग में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली देश की पहली पहलवान रितिका ने इससे पहले तकनीकी श्रेष्ठता से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। ओलंपिक कुश्ती नियमों के अनुसार मुकाबला बराबर रहने पर आखिरी अंक बनाने वाले खिलाड़ी को विजेता घोषित किया जाता है। इसका फायदा किर्गिस्तान की काइजी को मिला। अगर काइजी फाइनल में पहुंचती है तो रितिका के पास रेपचेज से कांस्य पदक मुकाबला खेलने का मौका होगा। ओलंपिक 2024 में कुश्ती के नियमों ने भारत के स्वर्ण पदक की उम्मीदों को काफी झटका दिया है। रितिका से पहले विनेश फोगाट भी पदक जीतने से चूक गई थीं। विनेश का वजन महज उनके वर्गभार से महज 100 ग्राम ज्यादा था और वह फाइनल नहीं खेल सकी थीं। उन्हें ओलंपिक के नियमों के आधार पर अयोग्य करार दिया गया था।

हरमनप्रीत गोल करने में शीर्ष स्थान पर रहे

● पेरिस,

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों की हॉकी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह गोल स्कोरिंग सूची में शीर्ष स्थान पर रहे।

हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस 2024 पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में आठ मैचों में सबसे ज्यादा 10 गोल किए। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स ने सात गोल किए। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कोलंबस के यवेस-डू-मानोइर स्टेडियम में स्पेन को 2-1 से हराकर ओलंपिक में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता। इस मुकाबले में भी हरमनप्रीत ने दो गोल किए और भारत की जीत सुनिश्चित की। मैच जीतने के बाद भारतीय हॉकी टीम के कप्तान ने कहा कि मेरे लिए कड़ी मेहनत करने, पेनल्टी कॉर्नर बनाने और सभी फॉरवर्ड लाइन के लिए सारा श्रेय मेरी टीम को जाता है। मुझे इस पर बहुत गर्व है। बेशक, मुझे कप्तान के रूप में खुद पर भी गर्व है, लेकिन टीम हमेशा पहले आती है। हरमनप्रीत सिंह ने स्पेन के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर के जरिए दो गोल किए और टूर्नामेंट में अपने पेनल्टी कॉर्नर के स्कोर को सात तक पहुंचाया। जबकि तीन गोल पेनल्टी स्ट्रोक से आए। विश्व की चौथे नंबर की टीम बेल्जियम के साथ ग्रुप-चरण के मुकाबले के अलावा हरमनप्रीत ने पेरिस 2024 में आठ बार के ओलंपिक चैंपियन के लिए हर मैच में गोल किया। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान के पहले मैच में भारत के लिए अंतिम मिनट से ठीक पहले एक गोल करके अपना खाता खोला। वह अगले मैच में भी स्कोरशीट पर थे। यह मैच अर्जेंटीना के साथ 1-1 से ड्रॉ रहा। उन्होंने आयरलैंड पर 2-0 की जीत में दो गोल किए लेकिन टोक्यो ओलंपिक 2020 की स्वर्ण पदक विजेता बेल्जियम टीम के खिलाफ भारत की 1-2 की हार में गोल नहीं कर सके।

मोदी ने किया नीरज की सहायता का वादा, चोट का मांगा विवरण

प्रधानमंत्री मोदी ने नीरज चोपड़ा के दृढ़ संकल्प और जुझारूपन के लिए प्रशंसा की

● नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओलंपिक भाला फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा से संपर्क किया है और उनसे हालिया प्रतियोगिताओं के दौरान लगी चोट के बारे में विस्तृत जानकारी देने को कहा है। नीरज ने चोट के बावजूद पेरिस ओलंपिक भाला फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर देश का गौरव बढ़ाया है।

प्रधानमंत्री के इस कदम को जीत और चुनौतियों दोनों में अपने एथलीटों का समर्थन करने की सरकार की प्रतिबद्धता के उदाहरण के रूप में सराहा जा रहा है। मोदी ने नीरज के साथ फोन पर बातचीत के दौरान उनके दृढ़ संकल्प और जुझारूपन के लिए प्रशंसा की। घायल होने के बावजूद नीरज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए रजत पदक हासिल किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने हमारे देश को एक बार फिर गौरवान्वित किया है, और भारत के लोग मैच के दौरान आपको बहुत आशा के साथ देख रहे थे। इसके बाद मोदी ने कहा कि जब हम मिलेंगे, तो आप मुझे अपनी चोट के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देंगे। हम इस पर चर्चा करेंगे और पता लगाएंगे कि मैं आपके लिए क्या कर सकता हूं।

भारत के युवा पदक विजेता बने अमन

हमवतन बैंडमिंटन स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु के रिकॉर्ड को तोड़ा

● पेरिस,

भारतीय पहलवान अमन सहरावत पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के सबसे युवा पदक विजेता बन गए है।

अमन सहरावत ने शुक्रवार को पेरिस 2024 कुश्ती स्पर्धा में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। अमन ने 21 साल 24 दिन की उम्र में कांस्य पदक जीतकर यह रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने हमवतन बैंडमिंटन स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। सिंधु ने रियो ओलंपिक 2016 में 21 साल, एक महीना और 14 दिन की उम्र में रजत पदक जीता था। इसके साथ ही अमन ग्रीष्मकालीन खेलों में भारत के सबसे कम उम्र के पदक विजेता बन गए हैं। भारतीय पहलवान ने कांस्य पदक मुकाबले में प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया। अमन ने इस मुकाबले को 13-5 के प्रभावशाली स्कोर से अपने नाम किया। मैच के दौरान उन्होंने शुरुआत से ही आक्रामकता दिखाई और अपने प्रतिद्वंद्वी को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। गौरतलब है कि भारत का ओलंपिक में कुश्ती में यह आठवां पदक भी था। सुशील कुमार और रवि कुमार दहिया ने क्रमशः लंदन ओलंपिक 2012 और टोक्यो ओलंपिक 2020 में रजत पदक जीते थे। बाकी छह कांस्य पदक हैं।

विनेश फोगाट के सिल्वर मेडल पर फैसला आज

सीएएस कोर्ट सुनाएगा फैसला, 100 ग्राम ओवरवेट की वजह से अयोग्य घोषित हुई थीं विनेश फोगाट

● पेरिस,

भारतीय रेसलर विनेश फोगाट के सिल्वर मेडल पर फैसला अब 11 अगस्त यानी की आज आएगा। यह जानकारी कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स (सीएएस) ने दी।

पहले कहा जा रहा था कि सीएएस भारतीय समयानुसार 9:30 बजे अपना फैसला सुनाएगा, लेकिन कोर्ट ने इसकी समय सीमा बढ़ा दी है। शुरुआती जानकारी में 13 अगस्त को फैसला सुनाने की बात सामने आई थी। 9 अगस्त को सीएएस ने 3 घंटे तक सुनवाई की थी। इस दौरान विनेश भी वर्चुअली मौजूद रहीं। भारतीय ओलंपिक संघ की ओर से सीनियर वकील हरीश साल्वे ने विनेश का पक्ष रखा।

फाइनल मैच से पहले विनेश को 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के चलते अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जबकि शुरुआती दौर से पहले किए गए वजन में विनेश 50 किग्रा वेट कैटेगरी की तय सीमा से कम थी। ऐसे में विनेश ने जॉइंट सिल्वर मेडल की मांग की है। इस मामले पर कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स (सीएएस) ने कहा कि हम विनेश के केस में प्रक्रियाएं तेजी से कर रहे हैं, लेकिन उनकी अपील पर एक घंटे में फैसला देना संभव नहीं है। इस मामले में पहले यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग का पक्ष सुना जाना जरूरी है। फैसला डॉक्टर एनाबेल बेनेट को करना है। विनेश ने सेमीफाइनल में क्यूबा की गुजमेन लोपेज को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। विनेश के मामले में इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाक नें कहा कि 'क्या एक भार वर्ग में दो सिल्वर दिए जा सकते हैं?' इस सवाल पर कहा कि 'नहीं, यदि आप सामान्य रूप से एक वर्ग में दो सिल्वर मेडय दिए जाने के बारे में पूछ रहे हैं। मुझे लगता है कि इंटरनेशनल फेडरेशन के नियम का पालन किया जाना चाहिए। वेट कट का फैसला यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग का था। यदि हम 100 ग्राम के साथ अनुमति देते हैं तो 102 ग्राम के साथ क्यों नहीं देंगे। अब यह मामला कोर्ट में है। अब हम सीएएस के निर्णय का पालन करेंगे। फिर भी फेडरेशन को अपने नियमों को लागू करना है। यह उनकी जिम्मेदारी है। पेरिस ओलंपिक फाइनल से अयोग्य ठहराए जाने के बाद विनेश ने गुरुवार को कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने गुरुवार सुबह 5.17 बजे पर एक पोस्ट में लिखा कि मां कुश्ती मेरे से जीत गई, मैं हार गई। माफ करना आपका सपना, मेरी हिम्मत सब टूट चुके। इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब। अलविदा कुश्ती 2001-2024, आप सबकी हमेशा ऋणी रहूंगी, माफी। सोशल मीडिया में विनेश फोगाट की एक तस्वीर वायरल है। कहा जा रहा है कि ओलंपिक से बाहर किए जाने के बाद विनेश बेहद निराश हो गई थीं। 6 अगस्त को विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक की महिला रेसलिंग के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई थी। रेसलिंग नियम के मुताबिक रेसलर को मैच की सुबह वजन का मापन करना होता है। विनेश का जब वजन मापा गया तब वो अपनी कैटेगरी यानी 50 किग्रा से 100 ग्राम ज्यादा थी, जिसके बाद उन्हें फाइनल से बाहर कर दिया गया था। ओलंपिक खेलों के दौरान किसी भी विवाद के समाधान के लिए यहां सीएएस विभाग होता है। सेमीफाइनल में विनेश से हारने वाली क्यूबा की पहलवान युस्नेलिस गुजमेन लोपेज ने फाइनल में उनकी जगह ली थी। सीएएस में पहले शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट यानी सीएएस दुनिया भर में खेलों के लिए बनाई गई एक ऑर्गनाइजेशन है। इसका काम खेल से जुड़े कानूनी विवादों को खत्म करना है। इसकी स्थापना साल 1984 में हुई थी। इसका मुख्यालय स्विटजरलैंड के लॉजेन में स्थित है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK